## न्यूज ब्रीफ

### बजरंग दल कार्यकर्ता पर जानलेवा हमले का आरोप, चार पर केस दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के हरथला बाजार में बजरंग दल के एक कार्यकर्ता पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां हालत चिंताजनक बताई गई। सिविल लाइन पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ नाम दर्ज मुकदमा दर्ज किया है और आरोपियों की तलाश कर रही है। घायल वंश चौधरी के भाई दीप चौधरी ने सिविल लाइन पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उनका भाई बजरंग दल से जुड़ा है। वंश 6 फरवरी की शाम करीब 5 :20 बजे किसी कार्य से हरथला बाजार गए थे। वहां पहले से आरोपी मौजूद थे। जिन्हें पूर्व में वंश ने गोवंशों की हत्या करने से रोकने के लिए पुलिस को सूचना दी थी। इस बात की रंजिश में गाली-गलौज कर मारपीट की। इस दौरान सिर पर गंभीर चोट लगने से वंश बेहोश हो गया। बीच-बचाव करने आए सचिन से भी मारपीट की गई। एक ने जान से मारने की नीयत से फायर भी किया। घटना में वंश बाल-बाल बच गए। परिजनों के अनुसार घायल को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना से जुड़े कुछ सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को सौंपे गए। सिविल लाइन प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

### दुर्घटना में फोटोग्राफर घायल, दिल्ली रेफर

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के फोटोग्राफर आसिफ गुल मंगलवार सुबह मुरादाबाद रोड पर तेवर खास गांव के पास हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। वह सुबह लगभग 8 बजे मुरादाबाद से बिलारी लौट रहे थे। राहगीर ने डायल 112 पर हादसे की सूचना दी। जिसके बाद 112 पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिसकर्मियों ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर मुरादाबाद रेफर किया गया, जहां से डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें दिल्ली भेज दिया। परिजनों के अनुसार, ओवरटेक कर रही एक तेज रफ्तार गाड़ी से बचने के प्रयास में उनकी कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई और सड़क से नीचे उतर गई। हादसे में आसिफ के सिर, नाक व टांग में फ्रैक्चर समेत चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं।

### ट्रक में सोए ड्राइवर की संदिग्ध हालत में मौत

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में ट्रक ड्राइवर की संदिग्ध मौत ने ग्रामीणों में सनसनी फैला दी। ग्राम जलालपुर खास निवासी रुखसाद(30) ट्रक लेकर जलालपुर की पेंठ बाजार में खड़ा था। शनिवार को दोस्तों संग पार्टी के बाद रात 11 बजे खुले मैदान में खड़े ट्रक में अकेले ही सो गया था। रविवार सुबह दोपहर तक घर न पहुंचने पर दोस्त व परिजन पहुंचे तो खिड़की अंदर से बंद थी। ताला तोड़कर किसी तरह बाहर निकाला, लेकिन तब तक रुख्साद की मौत हो चुकी थीं। परिजनों ने पुलिस को खबर नहीं दी और गांव के कब्रिस्तान में ही दफना दिया।

### प्रदीप कुमार बने शाहबाद के कोतवाल

**शाहबाद, अमृत विचार :** कोतवाली शाहबाद में तैनात कोतवाली प्रभारी संजय कुमार का शनिवार देर रात स्थानांतरण हो गया। उनके स्थान पर शिकायत प्रकोष्ठ में प्रभारी के पद पर तैनात प्रदीप कुमार को कोतवाली शाहबाद का नया कोतवाल बनाया गया। नवनियुक्त कोतवाल प्रदीप कुमार 2021 में रामपुर आए थे, वह थाना अजीम नगर और थाना टांडा के प्रभारी रह चुके हैं। वर्तमान में वह शिकायत प्रकोष्ठ के प्रभारी थे। रविवार शाम चार्ज संभाला।

## कार पर विधायक लिखाकर घूमने वालों के खिलाफ रिपोर्ट

संवाददाता, स्वार

- स्वार-टांडा विधायक के करीबी हैं, कार पर लगाए थे विधायक लिखे स्टीकर

**अमृत विचारः** थार कार पर स्वार-टांडा विधायक के स्टीकर लगने के चलते कार मालिकों पर रिपोर्ट दर्ज करा दी गई। मामले का खुलासा हुआ तो पता चला कि विधायक के करीबियों की कार है, जिनको उनके परिवार के लोगों ने स्टीकर दिया था। इसके बाद विधायक शफीक अंसारी ने किसी कार्रवाई करने से मना कर दिया।

सोशल मीडिया पर एक थार कार का वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल बन गया। वीडियो में थार कार पर अपना दल एस के स्वार टांडा विधायक शफीक अहमद अंसारी के नाम का स्टीकर और पास लगा हुआ दिखाई दे रहा था। वाहन पर विधायक का नाम अंकित होने से लोगों में इसे लेकर तरह-तरह की अटकलें लगने लगीं। मामले की जानकारी मिलने पर विधायक शफीक अहमद अंसारी ने इसे गंभीरता से लेते हुए पुलिस से शिकायत की। विधायक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मामले की छानबीन करते हुए वाहन से संबंधित जानकारी एकत्रित करते थाना पाकबडा पुलिस ने कार को रोक लिया।

जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि संबंधित थार कार विधायक के किसी पारिवारिक सदस्य या किसी रिश्तेदार की है। जिस पर परिचितों और रिश्तेदारों के फोन विधायक के पास आने लगे। बाद में थार कार रिश्तेदार की निकलने पर विधायक शफीक अहमद अंसारी ने मामले में आगे किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई करने से मना कर दिया।

### वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर शावक की जान बचाई, सालारपुर चौकी भिजवाया

## शिकारियों के जाल में फंसकर तेंदुआ का शावक घायल

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** शिकारियों ने जंगली पशु पक्षियों को फंसाने के लिए तार लगाए, जिनमें तेंदुए का शावक फंसकर घायल हो गया। दर्द से कराह रहे शावक की आवाज सुनकर ग्राम प्रधान व अन्य लोगों ने वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर शावक को तारों के जाल से बाहर से निकाला और सालारपुर चौकी पर भेज दिया। अब उसके जख्मों का इलाज वन विभाग की टीम कराएगी।


शिकारियों द्वारा लगाए गए तार के फंदे में फसा तेंदुए का शावक।


तेंदुए के शावक रेस्क्यू कर पिंजरे मे ले जाती वन विभाग की टीम।

जंगल में तेंदुए के शावक की दर्दनाक आवाजें सुनाई देने पर गद्दीनगली हुसैन गंज के ग्राम प्रधान बाबू खां ने तत्परता दिखाते हुए वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन क्षेत्राधिकारी विजय कुमार गौतम अपनी टीम और पिंजरे के साथ मौके पर पहुंचे। वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद तार के फंदे में फंसे तेंदुए के शावक को रेस्क्यू कर बाहर निकाला और सुरक्षित पिंजरे में बंद कर उपचार के लिए सलारपुर चौकी ले जाया गया। ग्राम प्रधान बाबू खां ने बताया कि गांव के जंगल में पिछले तीन दिनों से तेंदुए के दहाड़ने की आवाजें आ रही थीं। लेकिन उसका सटीक स्थान पता नहीं चल पा रहा था।

रविवार को जंगल में जाकर देखा गया तो तेंदुए का शावक शिकारियों द्वारा लगाए गए क्लच के तार के फंदे में फंसा हुआ मिला। बताया जा रहा है कि तहसील क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में तेंदुए की दहशत पहले से ही बनी हुई है। तहसील क्षेत्र मसवासी के कई गांवों में तेंदुआ देखे जाने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इतना ही नहीं हाल ही में एक तेंदुआ किसान के फार्म हाउस में घुस गया था। जहां उसने किसान पर हमला कर उसे घायल भी कर दिया था। इसके चलते ग्रामीण लगातार वन विभाग से तेंदुए को पकड़ने की मांग कर रहे थे।

वन क्षेत्राधिकारी विजय कुमार गौतम ने बताया कि घायल तेंदुए के शावक को सुरक्षित रेस्क्यू कर इलाज के लिए सलारपुर चौकी भेज दिया गया है। साथ ही जंगलों में शिकारियों द्वारा लगाए जा रहे तार के फंदों को हटाने के लिए अभियान चलाया जाएगा। घटना एक बार फिर शिकारियों की क्रूरता को उजागर करती है। जो अवैध शिकार के लिए जंगलों में तार के फंदे लगाकर बेजुबान वन्यजीवों की जान जोखिम में डाल रहे हैं।

## गणित के लंबे सवालों में लगा समय सामाजिक विज्ञान के आसान रहे

### दूसरे दिन कड़ी निगरानी में हुई केंद्रीय शिक्षक पात्रता (सीटीईटी) की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

- पहली पाली में 14578 ने दी परीक्षा, 1862 ने छोड़ा पेपर
- दूसरी पाली में 10456 की उपस्थिति, 1052 रहे अनुपस्थित

**अमृत विचार :** सीबीएसई की केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) दूसरे दिन कड़ी निगरानी के बीच हुई। पहली पाली की परीक्षा 35 केंद्रों पर कराई गई। जिसमें 16,440 परीक्षार्थियों में 14,578 परीक्षा परीक्षा देने पहुंचे , जिसमें 1862 ने परीक्षा छोड़ दी। जबकि दूसरी पाली की परीक्षा के 24 केंद्रों पर 11508 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी, जिसमें 1052 ने परीक्षा छोड़ दी, वहीं 10,456 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे। परीक्षा देकर लौट रहे छात्रों ने बताया कि गणित के सवाल लंबे थे, जिन्हें हल करने समय लगा।

रविवार को केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) की परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों के बाहर सुबह से ही लंबी लंबी लाइनें लगी थी। तलाशी लेने के बाद केंद्रों पर परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। परीक्षा देकर लौट रहे परीक्षार्थियों ने बताया कि परीक्षा को पांच भागों में बाल विकास,सामाजिक विज्ञान,संस्कृत,गणित,हिंदी विषय में बांटा गया था। बिजनौर जिले से आई काजल चौहान ने बताया कि प्रश्न पत्र में सभी विषय के 30- 30 प्रश्न थे उसमें नेगेटिव मार्किंग न होने के चलते सभी 150 प्रश्न हल किए हैं। वहीं धामपुर की प्रिया ने बताया कि गणित विषय के सवालों ने लंबे समय तक घेरे रखा, इसमें काफी समय खराब हुआ। वहीं नगीना से आई आंचल सिंह ने बताया कि सामाजिक विज्ञान के सभी सवाल बहुत आसान थे, जिन्हें 30 मिनट में हल कर लिया।


एस एस चिल्ड्रन अकादमी सिविल लाइन से परीक्षा देकर बाहर आई परीक्षार्थी।

परीक्षा के लिए जिले की नोडल अधिकारी गांधी नगर पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य शशि शर्मा ने बताया कि पहले दिन के मुकाबले दूसरे दिन परीक्षार्थियों की उपस्थिति अधिक रही। सभी परीक्षा केंद्रों से पुलिस प्रशासन की कड़ी निगरानी के बीच परीक्षा सकुशल हुई। प्रशासन द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, निगरानी एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं।

## सीएमई में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर मंथन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की ओर से रविवार को दिल्ली रोड स्थित एक होटल में कंटीन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन (सीएमई) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य चिकित्सकों को चिकित्सा क्षेत्र में हो रहे नवीनतम बदलावों, प्रशासनिक अपेक्षाओं और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर जागरूक करना रहा। सीएमई में जिले भर से बड़ी संख्या में चिकित्सकों ने सहभागिता की।


सीएमई में मौजूद मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, सीएमओ डॉ . कुलदीप सिंह, आईएमए के अध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

- मंडलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह और सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने चिकित्सकों को दिया मार्गदर्शन

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मंडलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह और मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ. कुलदीप सिंह उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत आईएमए पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। मंडलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह ने कहा कि समाज के प्रति डॉक्टरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। डॉक्टर न केवल रोगों का उपचार करते हैं, बल्कि समाज में विश्वास और सुरक्षा की भावना भी स्थापित करते हैं। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ चिकित्सा क्षेत्र में तकनीकी प्रगति हो रही है, ऐसे में निरंतर ज्ञानवर्धन करते रहना चाहिए। प्रशासन और चिकित्सा समुदाय के बीच बेहतर समन्वय से ही आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं। मरीजों के प्रति संवेदनशीलता, पारदर्शिता और नैतिकता चिकित्सा पेशे की मूल पहचान होनी चाहिए।

आईएमए पदाधिकारियों ने बताया कि संगठन का उद्देश्य चिकित्सकों के पेशेवर विकास के साथ-साथ समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारियों को और मजबूत करना है। भविष्य में भी ऐसे शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

### एक टीम के रूप में काम करें सरकारी व निजी डॉक्टर

सीएमओ डॉ . कुलदीप सिंह ने कहा कि सरकारी और निजी क्षेत्र के डॉक्टरों को एक टीम के रूप में कार्य करना चाहिए। उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों, रोगों की रोकथाम और समय पर उपचार के महत्व पर प्रकाश डाला। सीएमई के माध्यम से डॉक्टर न केवल चिकित्सा ज्ञान बढ़ाते हैं, बल्कि आपसी अनुभव साझा कर बेहतर निर्णय लेने में सक्षम होते हैं।

## छात्रवृत्ति के नाम पर धोखाधड़ी करने का आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, रामपुर

- आरोपी पर घोषित किया था 25 हजार का ईनाम

**अमृत विचार :** छात्रवृत्ति के नाम पर धोखाधड़ी कर पैसे हड़पने व फर्जी प्रमाण पत्र तैयार करने वाला 25 हजार रुपये का इनामी को थाना मिलकखानम पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।


आरोपी।

पुलिस को 27 अक्टूबर 2025 को शिकायत मिली थी कि एक युवक से 14 सितंबर 2025 को आरोपी अर्पित राजपूत ने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत बच्चों के प्रशिक्षण कराने व छात्रवृत्ति के नाम पर धोखाधड़ी करके पैसे हड़प लेना व फर्जी प्रमाण पत्र तैयार कर दे देने के आरोप थे। मामले में थाना मिलकखानम में अर्पित राजपूत पुत्र राजेश कुमार निवासी शिव बिहार ज्वालानगर सिविल लाइंस के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। शनिवार रात थाना मिलकखानम पुलिस ने 25000 रुपये के फरार इनामी अर्पित राजपूत को मुखबिर की सूचना पर सराय रोड थाना ज्वालापुर जिला हरिद्वार उत्तराखंड एक होटल से गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उसको कोर्ट में पेश किया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सूरज सिंह चौहान, हेड कांस्टेबल प्रबल प्रताप सिंह, कांस्टेबल कपिल कुमार शामिल रहे।

## 'कल्कि संभल' में दिखाया जाएगा 1978 दंगे का मुरारीलाल फड़ नरसंहार

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल के 1978 के साम्प्रदायिक दंगे और 24 नवंबर 2024 की हिंसा पर आधारित 'कल्कि संभल' फिल्म का दूसरा पोस्टर जारी हो गा। फिल्म में 1978 में मुरारी लाल की फड़ कांड को प्रमुखता से दिखाया जाएगा। यह वही घटना है, जिसमें संभल के बड़े व्यापारी बनवारी लाल गोयल उर्फ मुरारीलाल समेत हिंदू समुदाय के कई लोगों को जिंदा जलाकर मार दिया गया था।

उदयपुर फाइल्स बना चुके अमित जानी ही कल्कि संभल फिल्म का निर्माण कर रहे हैं। एक सप्ताह पहले जारी पहले पोस्टर में 'अब्बाजान' और 'भाईजान' जैसे किरदारों के जरिए दंगों में डॉ. शफीकुर्रहमान और 24 नवंबर 2024 की हिंसा में उनके सांसद पौत्र जियाउर्रहमान बर्क की भूमिका को पर्दे पर लाने के संकेत दिए गए थे। अब दूसरे पोस्टर के जरिए 1978 के दंगों की सबसे भयावह घटना मुरारीलाल फड़ कांड को केंद्र में रखा गया है। बनवारी लाल गोयल संभल के मोहल्ला ठेर बाजार गंज के निवासी थे।


लाला बनवारीलाल गोयल।



कल्कि संभल फिल्म का दूसरा पोस्टर।

उनकी मुरारीलाल एंड संस नामक फर्म थाना नखासा क्षेत्र में थी। 1978 के दंगों के दौरान जब शहर में भगदड़ मच गई थी, तब ग्रामीण क्षेत्रों से आए कई हिंदू अपनी जान बचाने के लिए मुरारीलाल की फड़ में शरण लेने पहुंचे थे।

दंगाइयों ने फड़ के अंदर डीजल और पेट्रोल डाल और जलते टायर फेंककर आग लगा दी। इस आग में बनवारी लाल गोयल सहित कई लोग जिंदा जल गए। यह घटना उस समय पूरे देश को झकझोर देने वाली थी।

- फिल्म के दूसरे पोस्टर में आग में जिंदा जलते लाला बनवारी लाल गोयल का चित्रण
- मुरालीलाल की फड़ में दंगाइयों ने लगाई आग, कई लोगों की जिंदा जलकर हो गई थी मौत

### रजनीश दुग्गल निभायेंगे लाला बनवारी लाल का किरदार

**संभल, अमृत विचार :** फिल्म में लाला बनवारी लाल गोयल का किरदार अभिनेता रजनीश दुग्गल निभा रहे हैं। निर्माता अमित जानी का कहना है कि फिल्म का दूसरा पोस्टर 1978 के दंगों के उस सच को सामने लाने का प्रयास है, जिसे लंबे समय तक नजरअंदाज किया गया। उनके अनुसार, उस समय उकसाई गई भीड़ द्वारा बनवारी लाल गोयल समेत कई अन्य को बेरहमी से जिंदा जलाया गया था और इसी सच्चाई को फिल्म के माध्यम से लोगों के सामने लाया जाएगा।

**यातायात नियम** | बाइक पर बिना हेलमेट तीन सवारियों के अलावा अवैध वाहन तोड़ रहे नियम

## अभियान भी नहीं कर पा रहे लोगों को जागरूक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** संभागीय परिवहन विभाग और यातायात पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई और सख्ती के बाद भी यातायात नियम टूट रहे हैं। यातायात माह में जागरुकता अभियान कार्यक्रम भी लोगों को नियमों के प्रति पूरी तरह जागरूक नहीं कर पा रहे हैं।

रविवार को रामपुर रोड हाईवे पर बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट वाहन चलाते लोग नजर आए। चौकी चौराहा क्षेत्र में तैनात यातायात पुलिस के सामने से ही नियमों का उल्लंघन कर वाहन गुजरते रहे। रामपुर रोड के हाईवे पर डग्गामार वाहन क्षमता से अधिक सवारियां भरकर फर्राटा भरते रहे। इसके अलावा शहर की सड़कों सिविल लाइन, कांठ रोड पर ई-रिक्शा में ओवरलोड सवारियों के साथ ही सामान भी ढोए जाते रहे।


कुछ इस तरह नियमों का उल्लंघन करते लोग। ● अमृत विचार


कांठ रोड पर यातायात नियमों का उल्लंघन करता चालक।

- क्षमता से अधिक सवारियां भरकर फर्राटा भर रहे डग्गामार वाहन

> फरवरी भी यातायात माह में शामिल है। जिले में परीक्षा ड्यूटी को बाहर आए परीक्षार्थियों की भीड़ बढ़ने से कार्रवाई दो दिन कम रही। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर निरंतर कार्रवाई हो रही है। पूरे फरवरी में चेकिंग अभियान जारी रहेगा।
> **- मिथलेश कुमार**, यातायात प्रभारी


गुलाबबाड़ी रोड पें बिना हेलमेट लगा स्कूटी पर गुजरता परिवार।


रामपुर रोड पर बिना हेलमेट बाइक चलाता युवक।

सिविल लाइन क्षेत्र में आंबेडकर पार्क और पीली कोठी के फव्वारा चौक और दिल्ली रोड पर पार्श्वनाथ प्लाजा के सामने से बिना हेलमेट और तीन सवारियों बैठा कर बाइक और स्कूटी सवार दौड़ते रहे। यह स्थिति तब है जब फरवरी में यातायात माह के अंतर्गत अभियान चल रहा है।

### नेजा मेला मामले में आज हाईकोर्ट में सुनवाई

**संभल,अमृत विचार :** संभल में नेजा मेला आयोजन को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में सोमवार 9 फरवरी को हाईकोर्ट की एकल पीठ सुनवाई करेगी। इससे पहले 29 जनवरी को राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता ने अपना जवाब दाखिल किया था, जिसके बाद नेजा मेला कमेटी के अधिवक्ता ने प्रत्युत्तर दाखिल करने के लिए समय मांगा था।

2025 में संभल प्रशासन ने नेजा मेले की अनुमति नहीं दी थी। इससे पहले वर्ष 2024 में भी यह मेला आयोजित नहीं हो सका था, जबकि वर्ष 2023 में प्रशासन की अनुमति से सद्भावना मेले का आयोजन कराया गया था। नेजा कमेटी के अध्यक्ष शाहिद मसूदी ने बताया कि उनकी ओर से दायर याचिका पर सरकारी वकील ने आपत्ति दर्ज कराई है। सरकारी पक्ष का तर्क है कि वर्ष 2018 से मेले को लेकर एक मुकदमा न्यायालय में लंबित है। शाहिद मसूदी ने कहा कि 2018 का मुकदमा मेले से संबंधित नहीं है, बल्कि गेट और दरगाह से जुड़ा हुआ मामला है।

## झोपड़ी में लगी आग, 10 पशु झुलसे , एक गाय की मौत

संवाददाता, कांठ

- छजलैट क्षेत्र के ग्राम चेतरामपुर में शनिवार रात की घटना

**अमृत विचारः** थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम चेतरामपुर में बीती रात दो भाइयों की झोंपड़ी में आग लगने से एक गाय की मृत्यु हो गई एवं कुल 10 पशु बुरी तरह आग से झुलस गए। आग लगने से दोनों भाइयों का झोपड़ी में रखा घरेलू सामान भी जलकर राख हो गया।

ग्राम चेतरामपुर में सैयद शाह एवं आजाद शाह पुत्रगण जुम्मा शाह दोनों भाई झोपड़ी में रहकर अपना गुजर बसर करते हैं। शनिवार की रात्रि अचानक आग लगने से दूसरे भाई की झोपड़ी में भी आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीण भारी संख्या में एकत्रित हो गए। जिन्होंने अपने घरों से पानी लाकर आग को बुझाने का प्रयास किया। कई घंटे के प्रयास के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। आग का रूप इतना विकराल था कि सैयद शाह के छह पशु बुरी तरह झुलस गए जिसमें से मौके पर एक गाय की मौत हो गई और उसके दूसरे भाई आजाद शाह के चार पशु आग में बुरी तरह झुलस गए। सैयद शाह फेरी लगाकर अपने परिवार का जीवन यापन करता था।

जबकि दूसरा भाई आजाद शाह मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। जिनकी झोंपड़ी में रखी मोटरसाइकिल रिक्शा, गेहूं, लिहाप गद्दे, पहने के वस्त्र सहित घरेलू सामान आदि जलकर राख हो गया। दूसरे भाई का भी घरेलू सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सहरावत घटनास्थल पहुंचे और उन्होंने इस संबंध में अधिकारियों को सूचना दी।

### जीजेयूएम में अतिथि संकाय नियुक्ति के लिए साक्षात्कार 10 को

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विवि के परिसर में संचालित विभिन्न स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में अतिथि संकाय सदस्यों की नियुक्ति के लिए वॉक-इन साक्षात्कार 10 फरवरी को होगा। गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के कुलपति ने बताया कि 2025-26 के लिए एमएससी (रसायन विज्ञान), एमएससी (पर्यावरण विज्ञान), एमएससी (कम्प्यूटर साइंस), एमएससी (भौतिक विज्ञान), एमएससी (वनस्पति विज्ञान), एमए (भूगोल) एवं एमकॉम पाठ्यक्रमों के अंतर्गत प्रत्येक विषय में चार अतिथि संकाय सदस्यों की नियुक्ति की जाएगी। अतिथि संकाय नियुक्ति के वॉक-इन साक्षात्कार 10 फरवरी मंगलवार को सुबह 9 बजे से विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यालय राजकीय पॉलिटेक्निक परिसर, कांठ रोड में होगी। साक्षात्कार से संबंधित विस्तृत जानकारी विवि की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**शहर में आज**

- भारतीय किसान यूनियन की बैठक आंबेडकर पार्क सिविल लाइंस में दोपहर 12:00 बजे
- लाजपतनगर में श्रीमद्भागवत कथा दोपहर 3:00 बजे

**न्यूज ब्रीफ**

## लापरवाही पर आउटसोर्सिंग सफाई मित्र की सेवा समाप्त

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नगर निगम प्रशासन स्वच्छता व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर तत्काल कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में बुध बाजार क्षेत्र में एक दुकान के बाहर आउटसोर्सिंग सफाई मित्र द्वारा डस्टबिन से कूड़ा फैलाकर गंदगी फैलाने का वीडियो वायरल होने का संज्ञान लेकर नगर आयुक्त ने उसकी सेवा समाप्त कर दी। वायरल वीडियो के बाद सफाई मित्र की पहचान अजय पुत्र शंकर के रूप में हुई है। जिस पर नगर आयुक्त ने सेवाएं समाप्त कर दी। नगर आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि स्वच्छता कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनुशासनहीनता अथवा नगर की छवि को नुकसान पहुंचाने वाले कृत्य को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य सभी आउटसोर्सिंग सफाई मित्रों एवं संबंधित एजेंसियों को भी चेतावनी दी।

## बजरंग दल कार्यकर्ता पर जानलेवा हमले का आरोप, चार पर केस

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दीप चौधरी ने सिविल लाइन पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनका भाई वंश बजरंग दल से जुड़ा है। वह 6 फरवरी की शाम करीब 5:20 बजे किसी कार्य से हरथला बाजार गए थे। वहां पहले से आरोपी मौजूद थे। जिन्हें पूर्व में वंश ने गोवंशों की हत्या करने से रोकने के लिए पुलिस को सूचना दी थी। इस बात की रंजिश में गाली-गलौज कर मारपीट की। इस दौरान सिर पर गंभीर चोट लगने से वंश बेहोश हो गया। बीच-बचाव करने आए सचिन से भी मारपीट की गई। एक ने जान से मारने की नीयत से फायर भी किया। घटना में वंश बाल-बाल बच गए। परिजनों के अनुसार घायल को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना से जुड़े कुछ सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को सौंपे गए। सिविल लाइन प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# महाशिवरात्रि कांवड़ यात्रा बदले मार्गों से चलेंगे वाहन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- ब्रजघाट कांवड़ यात्रा को देखते हुए मार्ग में परिवर्तन

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर्व एवं कांवड़ यात्रा वर्ष 2026 को लेकर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से जनपद बिजनौर से प्राप्त निर्देशों के अनुसार मुरादाबाद जनपद में भारी वाहनों का डायवर्जन लागू किया गया है। यह डायवर्जन प्रभावी हो गया है।

रविवार को एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार ने मुरादाबाद से बिजनौर व हरिद्वार आने-जाने वाले भारी मालवाहक वाहन जैसे ट्रक, ट्रैक्टर आदि का संचालन निर्धारित मार्गों से किया जाएगा। प्रशासन के अनुसार आवश्यक वस्तुओं (खाद्य सामग्री, पेट्रोलियम पदार्थ, गैस, मेडिकल सामग्री आदि) से संबंधित वाहनों को रात्रि 11 बजे से सुबह 4 बजे तक आवागमन की अनुमति रहेगी। इसके अतिरिक्त अन्य भारी वाहन शेरुआ, बिजनौर मार्ग से न जाकर टीएमयू पुल से अमरोहा, हापुड़, मेरठ होते हुए बिजनौर, हरिद्वार जाएंगे तथा वापसी भी इसी मार्ग से होगी। 10 फरवरी से ब्रजघाट कांवड़ यात्रा को देखते हुए भारी वाहनों के लिए मार्ग में परिवर्तन किया गया है। इस दौरान भारी वाहन मुरादाबाद से संभल, अनूपशहर, बुलंदशहर, हापुड़, मेरठ, मुजफ्फरनगर होते हुए बिजनौर एवं हरिद्वार जाएंगे और वापसी भी इसी मार्ग से की जाएगी। प्रशासन ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे निर्धारित डायवर्जन प्लान का पालन करें, जिससे कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### महापौर से मुलाकात के बाद भी व्यापारी संतुष्ट नहीं, गतिरोध जारी

# समाधान तक निगम की किराएदारी वाली दुकानें रहेंगी बंद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- व्यापारी सुरक्षा फोरम के तत्वावधान में व्यापारियों ने एकजुटता दिखाई

**अमृत विचार :** व्यापारी सुरक्षा फोरम के अध्यक्ष विजय मदन की अध्यक्षता में व्यापारियों ने रविवार को महापौर विनोद अग्रवाल से मुलाकात कर निगम के दुकानों के बढ़े किराए पर बात की। इस दौरान अपर आयुक्त नगर अजीत कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

नगर निगम की दुकानों के व्यापारी तथा अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ पीलीकोठी स्थित महापौर के कैंप कार्यालय पर वार्ता हुई। जिसमें व्यापारियों ने अपनी समस्याएं रखते हुए कहा नगर निगम के अधिकारियों के द्वारा व्यापारियों पर अनावश्यक उत्पीड़न तथा शोषण के खिलाफ व्यापारी एकजुट हैं। निगम के अधिकारी मनमाने ढंग से बढ़ा किराया, नाम परिवर्तन के नाम पर व्यापारियों का शोषण कर रहे हैं। 30 गुना किराया बढ़ाने और न देने पर दुकानों को सील करने की धमकी निगम प्रशासन दे रहा है। महापौर विनोद अग्रवाल ने कहा कि हर बाजार से दो सदस्य बैठक कर व्यापारियों की समस्याएं बताएंगे और उसका सहानुभूति पूर्वक समाधान करने का आश्वासन दिया। व्यापारियों ने महापौर के निर्णय का स्वागत करते हुए संतोष व्यक्त किया,



महापौर से वार्ता के दौरान मौजूद व्यापारी सुरक्षा फोरम के पदाधिकारी व व्यापारी। ● अमृत विचार

लेकिन निर्णय न होने की स्थिति में तब तक बाजार बंद रखने का निर्णय लिया। वार्ता में व्यापारी सुरक्षा फोरम के महामंत्री नितिन राज, नीरज बंसल, अन्य संगठन से अरविंद अग्रवाल, विपिन गुप्ता, वीरेंद्र अरोड़ा, अशोक सहगल, प्रेम कपूर, सुमित कत्याल आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# स्वच्छता के दावे हवा, गोट में गंदगी का अंबार

### गांव की नालियों में भरी कीचड़, रोज नहीं आती सफाई कर्मचारी, रास्ते पर लगा कूड़े का ढेर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायत गोट में सड़कों पर लगे कूड़े के ढेर, बंद नालियां और जलभराव स्वच्छता की हकीकत बयां कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद रास्तों पर महीनों से कूड़े के ढेर लगे हैं। ग्रामीणों को मजबूरी में खुद ही नालियों में भरी कीचड़ हाथ से निकालनी पड़ रही है, जिसे उन्होंने मौके पर दिखाकर अपनी पीड़ा जाहिर की। जिससे लोगों में रोष है।



गांव गोट में प्राथमिक विद्यालय के गेट पर नाले में भरी गंदगी। ● अमृत विचार



गांव के बीचो बीच बने रास्ते पर लगे कूड़ें के ढेर।



नालियों में भरी कींचड़ दिखाता ग्रामीण।

रविवार को मुरादाबाद ब्लॉक की ग्राम पंचायत गोट की गलियों में लंबे समय से जमा कूड़ा साफ दिखाई दिया। गांव निवासी राजवीर सिंह ने बताया कि उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक कुमार शर्मा से मिलकर गंदगी की लिखित शिकायत भी दी थी, लेकिन हालात में कोई सुधार नहीं हुआ। ग्रामीणों के अनुसार मुख्य सड़क पर स्थित नालियां पूरी तरह बंद हैं, जिससे जलभराव की स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान असलम हुसैन इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। वहीं सफाई कर्मचारी सविता गांव में करीब 15 दिन में एक बार आती हैं और प्रधान के निर्देशानुसार सीमित सफाई कर चली जाती हैं। गांव के प्राथमिक विद्यालय के गेट से लगा नाला कूड़े से पूरी तरह बंद पड़ा है, जिससे उठ रही

> घर के सामने काफी लंबे समय से नालियां बंद पड़ी हैं। जिसकी वजह से घर के आगे हर वक्त गंदी पानी भर रहा है। घर में आने पर पहले पैर धोने पड़ते हैं, नहीं तो गंदे पानी के बीच से गंदगी घर में आती है।
> – **सर्वेश कुमारी**, गांव निवासी

> प्राइवेट बैंक में मैनेजर हूं लेकिन हर दूसरे दिन मुझे घर के आगे बनी नाली में भरी कीचड़ को साफ करना पड़ता है। कई बार प्रधान से कहा, लेकिन नालियों में भरी कीचड़ नहीं निकलवाई गई।
> – **अर्जुन सिंह**, गांव निवासी

> अभी फिलहाल डीपीआरओ छुट्टी पर हैं। गांव गोट में गंदगी की शिकायत मिली है जल्द ही गांव में टीम भेज कर सफाई कराई जाएगी। वहीं सफाई कर्मचारी और प्रधान को डीपीआरओ द्वारा नोटिस भेज कर गांव में फैली गंदगी कारण पूछा जाएगा, साथ ही विभागीय कार्रवाई भी कराई जाएगी।
> – **अभय कुमार**, उप निदेशक पंचायत राज

दुर्गंध वातावरण को दूषित कर रही है। सड़कों पर भरे पानी के बीच से गुजर कर ग्रामीणों को अपने घरों तक आना-जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वे पिछले छह महीनों से इस समस्या को झेल रहे हैं, लेकिन शिकायत करने पर भी प्रधान और सचिव द्वारा केवल टालमटोल किया जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव में नियमित सफाई कराई जाए और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए स्वच्छता अभियान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में एनएसएस का स्वच्छता अभियान आयोजित

**अमृत विचार :** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की दोनों इकाइयों द्वारा दो दिवसीय शिविर के अंतर्गत दूसरा दिन स्वच्छता अभियान के रूप में मनाया गया। आरंभ प्राचार्या प्रोफेसर चारु मेहरोत्रा ने किया।

रविवार को एनएसएस की स्वयंसेविकाओं ने लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद उन्होंने झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान चलाया। बस्ती के बच्चों एवं स्थानीय लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया। प्राचार्य ने कहा कि यदि सभी लोग अपने घरों का कचरा सड़कों पर न फेंककर नगर निगम को दें तथा सूखा और गीला कचरा अलग-अलग रखें। स्वच्छता अभियान एक दिन का नहीं, बल्कि यह हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। स्वच्छ वातावरण स्वास्थ्य की रक्षा के साथ पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। संयोजन एवं संचालन डॉ. सविता अग्रवाल व शिवानी ने किया।




स्वच्छता अभियान में श्रमदान करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

# यंत्रों से आपदा में बचाव करने की विधि समझाई



अग्नि आपदा पर बचाव की जानकारी देते प्रशिक्षक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं निदेशालय नागरिक सुरक्षा उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देश पर एमआईटी सभागार में वार्डन एवं स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के चौथे दिन प्रशिक्षण की शुरुआत प्रार्थना से की गई।

पहले सत्र में सहायक उप नियंत्रक सतीश कुमार ने हाउस फायर पार्टी संगठन के बारे में बताया। दूसरे सत्र में दूसरे एसडीआरएफ के अभिषेक पंवार ने आधुनिक यंत्रों के माध्यम से आपदा में बचाव करने की विधि समझाई। तीसरे दिन के अंतिम सत्र में फायरमैन द्वारा अग्निशमन कर्मियों के लिए स्थाई अग्निशामक प्रणाली, पीपीईकिट आदि की जानकारी दी गई। इस दौरान नागरिक सुरक्षा कार्यालय से तुषार अग्रवाल, अशोक कुमार गुप्ता, वसीम अख्तर, वसीम अंसारी, डॉ. शफीक अहमद आदि मौजूद रहे।

# प्राचीन हल्का माता मंदिर के मेले में एक भी दुकान, झूला मुसलमान का नहीं होगा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल महानगर व मुरादाबाद की मासिक बैठक रविवार को लाजपत नगर रामलीला मैदान में हुई। राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष रोहन सक्सेना ने कहा कि प्राचीन हल्का माता मंदिर के मेले में एक भी दुकान या झूला मुसलमान का नहीं होगा। इसके लिए संगठन जिलाधिकारी को ज्ञापन भी देगा।

उन्होंने बताया कि हर महीने लगने वाला मासिक भंडारा 17 फरवरी को लगेगा। 22 फरवरी को ओजस्विनी के द्वारा पुष्प होली महोत्सव मनाया जाएगा। वहीं 14 फरवरी को कोई भी प्रेमी जोड़ा किसी पार्क, मॉल, रेस्टोरेंट में न दिखाई दें क्योंकि राष्ट्रीय बजरंग दल की 25 टीमें 13 फरवरी की रात से ही विभिन्न स्थानों पर सक्रिय रहेगी। संगठन विस्तार करते हुए दल के विभाग महामंत्री गौरव सैनी ने विजय शर्मा को महानगर महामंत्री




मासिक बैठक में बोलते राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष रोहन सक्सेना।

- अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल महानगर व मुरादाबाद की मासिक बैठक में लिया निर्णय

घोषित किया जबकिसुशांत गुप्ता को (कटघर, पीतल बस्ती, गोविंद नगर, पंडित नगला प्रखंड) भाग का भाग अध्यक्ष घोषित किया गया। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के महानगर महामंत्री ने अभिषेक सैनी को गोविंद नगर प्रखंड उपाध्यक्ष, ऋतिक सागर प्रखंड मंत्री, अंकित माली खंड गो रक्षा प्रमुख, आशीष सैनी डबल फटक खंड हनुमान चालीसा प्रमुख, नितिन सैनी खंड मंत्री डबल फाटक, योगेश सीतापुरी खंड अध्यक्ष घोषित किए गए। बैठक में महानगर अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, पवित्रा शर्मा, इशांक भारद्वाज, अक्षय शुक्ला, गंगा राणा, ललित सैनी, अभिषेक श्रीवास्तव, कृष शर्मा, रोहित कश्यप सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**न्यूज डायरी**

## सम्मेलन में एकता पर दिया जोर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** हिंदू सम्मेलन समिति प्रीत विहार और मिलन विहार की ओर से रविवार को हिंदू सम्मेलन सामुदायिक केंद्र में आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता अयोध्या धाम के महामंडलेश्वर स्वामी श्री राम बालक दास महाराज रहे। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें राधा कृष्ण गीत, डमरू प्रतिवादन, राम केवट संवाद, श्रीराम वंदन आदि ने सभी को आकर्षित किया। भारत माता और भगवान श्रीराम के फोटो के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पुष्पार्चन किया गया। मुख्य वक्ता ने सनातन प्रेमियों को हिंदुत्व पर एकजुटता से अवगत कराया। महानगर प्रचार प्रमुख एवं हिंदू कॉलेज इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. राजेश ने संघ की 100 वर्ष की यात्रा पर प्रकाश डाला। होम्योपैथिक चिकित्सक एवं महानगर संघचालक डॉ. विनीत गुप्ता ने पंच परिवर्तन के सिद्धांत की जानकारी दी। महामंडलेश्वर स्वामी संजय गिरी महाराज अध्यक्ष व बालाजी सम्राट अशोक नगर ने लोगों को एकजुटता दिखाने का आह्वान किया। इस दौरान समिति के संरक्षक पंकज सक्सेना, महेश चंद्र शर्मा, अनिल सक्सेना, संजीव वाल्मीकि, नरेश अरोड़ा, विजेंद्र, आशीष बंसल, डॉ. बी कुमार, अमर सिंह, एडवोकेट दीपक रस्तोगी, दीपक कुमार, सोनू आर्य, स्वाति भटनागर के साथ बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। संचालन सचिव विपुल गुप्ता ने किया।




## महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में निकाली गई 12 ज्योतिर्लिंग शोभा यात्रा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से रविवार को महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में 12 ज्योतिर्लिंग शोभा यात्रा निकाली। शोभा यात्रा का आरंभ महिला थाना प्रभारी ने किया। बीएसएनल टेलिफोन एक्सचेंज से होती हुई शोभायात्रा टाउन हॉल, बुध बाजार, जीएमडी रोड आदि क्षेत्रों से निकली। शोभायात्रा में भारत के कोने-कोने में 12 ज्योतिर्लिंगम मंदिरों की झलक इसमें दिखी। इस दौरान ब्रह्माकुमारी आशा दीदी, बीके लक्ष्मी, बीके रीना, बीके सुजाता, बीके एडवोकेट राजेश त्यागी, बीके रमन, बीके शिवम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## संगठित रहेंगे तभी सुरक्षित रहेंगे

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** अगवानपुर बाईपास पर एक फार्म हाउस में राधा हिंदू सम्मेलन समिति शिवाजी नगर द्वारा हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता पुष्पावती पीठ के संरक्षक महेश आर्य रहे। उन्होंने हिंदुओं को संगठित रहने का प्रस्ताव रखा। अपने संस्कृति एवं विचारधारा को हिंदू समाज में फैलाने का आह्वान किया। महेश आर्य ने कहा अगर हिंदू संगठित रहेगा तभी सुरक्षित रहेगा। सम्मेलन में वक्ताओं के तौर पर सुभाष प्रमोद जोशी, कुशल चौधरी, अटल चौधरी रहे। हिंदू सम्मेलन मील का पत्थर साबित होगा। संचालन समिति में भाग कार्यवाह प्रमोद, नगर कार्यवाह सिद्धार्थ मलिक, यतेंद्र तोमर, चन्द्रप्रकाश, तरुण कुमार, अनंत कौशिक, ओम दत्त शर्मा, सोमपाल, मूलचंद, डॉ. रघुवीर, देवेंद्र, अतुल, चंदन, शिव कुमार, अनुज चौधरी, सुशील, नानक सिंह, यशपाल सिंह, अजय पाल सिंह, वीर सिंह, महेंद्र सिंह एडवोकेट मौजूद रहे।

## आयुष व एक्यूप्रेशर का समावेश गंभीर व असाध्य रोग में लाभकारी



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** श्री परशुराम सेना व ऑर्गेनम होम्योपैथिक सर्वहार सोसाइटी की ओर से होम्योपैथिक स्वास्थ्य व एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर रविवार को प्रेम शंकर शर्मा पार्क दीनदयाल नगर में लगाया गया। इसमें डॉ. अंशुमान व डॉ. नूतन आर्य ने रोगियों की जांच कर दवाएं वितरित की। शिविर में वायरल वायरल रोगों खासतौर पर डेंगू से बचाव की दवाइयां वितरित की गईं। शिविर में एक्यूप्रेशर चिकित्सा विधि से रोगियों का इलाज किया गया। ऑर्गेनम होम्योपैथिक सर्वहार सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. आरके शर्मा ने बताया की आयुष चिकित्सा पद्धतियों के साथ एक्यूप्रेशर चिकित्सा का समावेश करने से गंभीर एवं असाध्य रोगों में बहुत लाभ दिलाया जा सकता है। एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ चरण सिंह, दीपाली, गीता, निशि, करन कोहली, सिद्धार्थ तथा रूद्राक्षी ने एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति से मरीजों का इलाज किया। शिविर का संचालन पुष्कर राम ने किया।

## पहली बार कुंभ मेले में रविदासी अखाड़ा करेगा स्नान



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हिमगिरी नगर के नया गांव, गौर ग्रेसियस बस्ती के सकल हिन्दू सम्मेलन कार्यक्रम में अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष एवं मां मनसा देवी ट्रस्ट हरिद्वार के अध्यक्ष महंत रविंद्रपुरी महाराज मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने रविदासी समाज को विशेष रूप से जोड़ने के लिए रविदास अखाड़ा के बारे में बताया कि वह स्वयं संरक्षक भी हैं। बताया कि पहली बार कुंभ मेले में रविदासी अखाड़ा स्नान करेगा और प्रक्रिया में समाज के महामंडलेश्वर भी नियुक्त किए जाएंगे। इस समाज को सकल हिंदू समाज के साथ ही सभी हिंदू क्रियाकलापों में शामिल किया जाएगा। इस दौरान शिरोमणि गुरु रविदास विश्व महापीठ के प्रदेश अध्यक्ष किशनलाल सिंह, ओंकार सिंह चौहान, प्रदेश सचिव गगन संधू, कार्यालय सचिव मुकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम** | विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी व जिले के प्रभारी मंत्री अनिल कुमार ने की केंद्रीय बजट पर चर्चा

# प्रदेश के विकास, रोजगार व आत्मनिर्भरता को ऊंचाई देगा बजट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** प्रदेश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी व जिले के प्रभारी मंत्री अनिल कुमार ने रविवार को सर्किट हाउस में पत्रकारों से केंद्रीय बजट पर चर्चा की। उन्होंने वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा संसद में पेश किए गए बजट को उत्तर प्रदेश के विकास, रोजगार और आत्मनिर्भरता को ऊंचाई देने वाला बताया। कहा कि यह बजट राज्य को इन्फ्रास्ट्रक्चर, उद्योग, कृषि और युवाओं का ग्रोथ इंजन बनाने की दिशा में निर्णायक कदम है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 प्रदेश के विकास, रोजगार और आत्मनिर्भरता को नई ऊंचाई देने वाला बजट है।

उन्होंने कहा कि बजट में हाई-स्पीड रेल और रेलवे विस्तार की दिशा में 7 हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर और रेलवे आधुनिकीकरण का सबसे बड़ा लाभ उत्तर प्रदेश को मिलने की बात कही। क्योंकि राज्य पूर्व-पश्चिम और उत्तर-दक्षिण रेल नेटवर्क का केंद्र है। इससे लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज, आगरा जैसे शहरों की कनेक्टिविटी और व्यापार दोनों तेज होंगे।



सर्किट हाउस में पत्रकारों से वार्ता करते प्रभारी मंत्री अनिल कुमार।

राष्ट्रीय राजमार्ग और एक्सप्रेसवे-यूपी को लॉजिस्टिक हब है। केंद्रीय बजट में राष्ट्रीय राजमार्ग, मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स और फ्रेट कॉरिडोर पर विशेष जोर दिया गया है। पूर्वांचल, बुंदेलखंड और पश्चिमी यूपी को जोड़ने वाले कॉरिडोर से उद्योगों की लागत घटेगी और निवेश बढ़ेगा।

छोटे व मध्यम उद्योगों के लिए 10,000 करोड़ का एमएसएमई ग्रोथ फंड इस बजट में बनाया गया है। इससे प्रदेश के कुटीर उद्योग, हस्तशिल्प, हैंडलूम, चमड़ा और फूड प्रोसेसिंग सेक्टर को मजबूती मिलेगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ेगा। बायोफार्मा शक्ति योजना से मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा। कृषि में एआई और भारत-विस्तार एआई के माध्यम से किसानों को फसल. मौसम और बाजार की जानकारी मिलेगी, जिससे उत्तर प्रदेश के किसानों की उत्पादकता और आय दोनों बढ़ेगी।

कैंसर और गंभीर बीमारियों में उपयोग होने वाली 36 जीवनरक्षक दवाओं को सीमा शुल्क से छूट दी गई है जिससे लाखों परिवारों के इलाज का खर्च कम होगा। बालिकाओं की उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल की घोषणा की गई है। इससे उत्तर प्रदेश की बेटियों को सुरक्षित आवास और बेहतर शैक्षणिक अवसर मिलेंगे। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह, भाजपा महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला सहित अन्य मौजूद रहे।

### परंपरागत उद्योगों को नई तकनीक से जुड़ने का मिलेगा अवसर

पर्यटन और रोजगार पर भी विशेष जोर है। 10,000 टूर गाइड को प्रशिक्षण देने की योजना से काशी, अयोध्या, मथुरा और प्रयागराज जैसे धार्मिक पर्यटन केंद्रों में रोजगार और पर्यटन दोनों को बढ़ावा मिलेगा। देशभर में 200 पुराने औद्योगिक क्लस्टरों के आधुनिकीकरण की घोषणा से प्रदेश के परंपरागत उद्योगों को नई तकनीक, बेहतर उत्पादन और वैश्विक बाजारों से जुड़ने का अवसर मिलेगा। शहरी अर्थव्यवस्था को मजबूती की दिशा में सिटी इकोनॉमिक रीजन के विकास से लखनऊ, कानपुर, नोएडा. गाजियाबाद, आगरा और वाराणसी जैसे शहर रोजगार और स्टार्टअप हब के रूप में उभरेंगे।

## कुष्ठ प्रभावित व्यक्तियों से न करें भेदभाव

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचारः** कुष्ठ जागरुकता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत पुराना बाजार शरीफनगर में चाय पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पैरामेडिकल वर्कर कुलवंत सिंह ने ग्रामीणों को कुष्ठ रोग के लक्षण, उपचार एवं इससे जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग पुनर्जन्म के पापों का फल नहीं है, बल्कि यह एक जीवाणु से फैलने वाली बीमारी है। यह न तो छूने से फैलती है और न ही आनुवंशिक होती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि कुष्ठ प्रभावित व्यक्तियों से भेदभाव न किया जाए। कुष्ठ रोग का इलाज पीबी एवं एमबी दो प्रकार से किया जाता है।

एमडीटी दवा से यह बीमारी पूरी तरह ठीक हो जाती है। अरुण कुमार ने जानकारी दी कि कुष्ठ से उत्पन्न विकृति को रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी के माध्यम से ठीक किया जा सकता है, जिसके लिए राज्य सरकार द्वारा लाभार्थी को 12 हजार रुपये का अनुदान भी प्रदान किया जाता है। चाय की चुस्की के साथ हुई इस चर्चा को ग्रामीणों ने उत्साह के साथ सुना। कार्यक्रम में आशा कार्यकर्ता अल्का का विशेष योगदान रहा।

# सील अस्पताल में ऑपरेशन की तैयारी बाहर भीड़ देख कमरे में बंद किए मरीज

## एजेएस हेल्थ केयर को पंजीकरण व योग्य डॉक्टरों की कमी पर किया था सील

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामूवाला गणेश में सील किए जा चुके एक निजी अस्पताल में झोलाछाप द्वारा मरीजों को भर्ती कर ऑपरेशन की तैयारी किए जाने का मामला उजागर हुआ है। जिसने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

एजेएस हेल्थ केयर अस्पताल को हाल ही में स्वास्थ्य विभाग ने अवैध संचालन, पंजीकरण के अभाव और योग्य डॉक्टरों की कमी के चलते सील किया था। शनिवार देर रात करीब 12 बजे जब पत्रकारों के साथ लोग मौके पर पहुंचे तो सच्चाई कुछ और ही निकली। सूत्रों के अनुसार अस्पताल में गर्भवती सहित दो मरीज भर्ती थे और ऑपरेशन की तैयारी चल रही थी। जैसे ही अस्पताल संचालक की नजर बाहर मौजूद लोगों पर पड़ी तो आनन-फानन में मरीजों को दूसरी मंजिल पर बने कमरे में बंद कर दिया गया, जबकि तीमारदारों को आधी रात में ही अस्पताल से बाहर निकाल दिया गया। सवाल पूछे जाने पर अस्पताल संचालक ने न केवल गैरजिम्मेदाराना रवैया अपनाया, बल्कि खुलेआम दबंगई दिखाते हुए दावा किया कि बिना सेटिंग के कोई काम नहीं होता। सील दो-तीन दिन में खुल जाएगी। सीएमओ साहब से सीधी सेटिंग है, हमें कोई रोक नहीं सकता।



अस्पताल के बाहर मौजूद लोग।



तोड़ी गई सील। ● अमृत विचार




एजेएस हेल्थ केयर अस्पताल।

### सील किए जाने की प्रक्रिया पर उठे सवाल

अस्पताल को सील किए जाने की प्रक्रिया पर भी सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार मुख्य शटर पर तो सील लगाई गई थी, लेकिन पास में बने लोहे के दरवाजे को खुला छोड़ दिया गया। अंदर के केबिनों पर मात्र मास्किंग टेप लगाकर सील दर्शाई गई, जिसे हटाकर आसानी से आवागमन किया जा सकता है। सील अस्पताल में इस तरह खुलेआम इलाज और ऑपरेशन की तैयारी ने स्वास्थ्य विभाग की निगरानी और कार्रवाई की पोल खोल दी है।

"अस्पताल को करीब 1 महीने पूर्व अनियमितताओं के चलते विभाग द्वारा सील किया गया था। सील अस्पताल में झोलाछापों द्वारा उपचार करने की कोई सूचना नहीं है। अगर ऐसा है तो जांच कर उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर कार्रवाई कराई जाएगी।
– डॉ शिल्पी चौधरी, चिकित्सा प्रभारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठाकुरद्वारा

## महिला के साथ छेड़छाड़ मामले में रिपोर्ट दर्ज

**कांठ, अमृत विचारः** थाना छजलैट पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ महिला के साथ छेड़छाड़ एससी एक्ट की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

छजलैट थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने स्पेशल जज एससी एसटी एक्ट के न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर भूपेंद्र सिंह, रणजीत सिंह, अविनाश, संजू ग्राम किशनपुर पर 12 दिसंबर को शाम 5:00 बजे घर में घुसकर अश्लीलता करने छेड़छाड़ करने व जाति सूचक शब्द कहकर अपमानित करने का आरोप लगाया था। शोर सुनकर प्रदीप, रवि, अर्जुन जब बचाने पहुंचे तो आरोपियों ने उन्हें भी लात-घूंसो एवं चाकू-सरिया से मारपीट की और उसे जबरन उठाकर ले जाने लगे।

स्पेशल जज एससी एसटी एक्ट के न्यायालय ने सभी आरोपियों के खिलाफ थाना छजलैट पुलिस को अभियोग पंजीकृत करने के निर्देश दिए थे। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

## परशुराम जन्मोत्सव पर सार्वजनिक अवकाश की मांग, दिया ज्ञापन



बैठक में मौजूद ब्राह्मण समाज के लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, कांठ

● अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की बैठक

**अमृत विचारः** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (पंजीकृत) के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन भेजा गया। अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की गई। कहा कि परशुराम सनातन संस्कृति, धर्म, शौर्य और राष्ट्र चेतना के प्रतीक हैं तथा उनका जन्मोत्सव सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक गौरव से जुड़ा हुआ है। 2017 से निरंतर संगठन द्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित करने व ब्राह्मण समाज के लिए पृथक ब्राह्मण कल्याण बोर्ड के गठन की मांग उठाई जाती रही है, किंतु अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया। राज्य सरकार द्वारा विभिन्न वर्गों के लिए कल्याण बोर्डों का गठन किया गया है, ऐसे में ब्राह्मण समाज के सामाजिक, शैक्षिक एवं आर्थिक हितों के संरक्षण हेतु बोर्ड का गठन समय की आवश्यकता है।

इस अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष आचार्य भावेश शर्मा, यतेंद्र शर्मा, विकास शर्मा, अंबरीष शर्मा, राहुल शर्मा, आशु शर्मा, अमित कौशिक, प्रमोद शर्मा, केशव शर्मा, अनिल शर्मा, आकाश शर्मा, मुकेश शर्मा, संदीप शर्मा, शिव शर्मा, सोमदत्त कौशिक, राजेश कौशिक आदि रहे।

## ताइक्वांडो:9 ने गोल्ड, 4 ने जीते सिल्वर मेडल



मेडल दिखाते विजयी खिलाड़ी व साथ में मौजूद कोच। ● अमृत विचार

संवाददाता, कांठ

● खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

**अमृत विचारः** वर्धमान कॉलेज बिजनौर में आयोजित जनपद स्तरीय तायक्वोंडो प्रतियोगिता में नगर स्थित आकाश कोरियन टायक्वोंडो के 9 खिलाड़ियों ने अपने अपने भर वर्गों में सवर्ण पदक, 4 खिलाड़ियों ने रजत पदक तथा 1 ने कांस्य पदक प्राप्त कर अपने क्षेत्र एवं एकेडमी का नाम रोशन कर दिया है।

वर्धमान कॉलेज बिजनौर में जनपद स्तरीय तायक्वोंडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें मुरादाबाद, बिजनौर, नगीना, धामपुर, नजीबाबाद, कांठ सहित अनेक क्षेत्रों की टीमों ने प्रतिभाग किया था। नगर स्थित आकाश कोरियन ताइक्वांडो के मृत्युंजय सिंह, अथर्व विश्नोई, एनी चौहान, प्रणिका शुक्ला, शौर्या प्रताप, शौर्या विश्नोई, पोरस चौहान, उन्नति माहेश्वरी, मौ. अर्श ने अपने अपने भार वर्गों में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। साकेत मोहन अग्रवाल, प्रत्यक्ष चंदेल, ऋषिका शर्मा, जीविशा शर्मा ने अपने-अपने भार वर्गों में सिल्वर मेडल तथा एवं अक्षिता ने कांस्य मेडल प्राप्त किया है। खिलाड़ियों ने मेडल जीतकर कांठ क्षेत्र एवं एकेडमी का नाम रोशन के दिया है। सभी खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विजयी खिलाड़ियों ने एकेडमी के कोच हर्ष शर्मा एवं रितिका शर्मा को जीत का श्रेय दिया है। कोच हर्ष शर्मा ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

## रसूलपुर रेलवे क्रॉसिंग पर बनेगा फ्लाईओवर

संवाददाता, कांठ

● विधायक कमाल अख्तर ने विधानसभा में उठाया था मुद्दा

**अमृत विचार :** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर द्वारा हरिद्वार जाने वाले यात्रियों की सुविधा हेतु कांठ में 432 बी रसूलपुर रेलवे क्रॉसिंग पर फ्लाई ओवर ब्रिज बनवाए जाने का मुद्दा विधानसभा सत्र में उठाया था। मंडल रेल प्रबंधक ने 432 बी पुल स्वीकृत होने की सूचना क्षेत्रीय विधायक को पत्र के माध्यम से दी है। नगरीय क्षेत्र में फ्लाई ओवर पुल की स्वीकृत होने से क्षेत्र वासियों ने हर्ष प्रकट करते हुए विधायक का आभार व्यक्त किया है।



विधायक कमाल अख्तर।

नागरिक कांठ हरिद्वार हाईवे पर नगरीय क्षेत्र में फ्लाईओवर पुल बनवाए जाने की मांग पिछले कई दशकों से कर रहे थे। विधायक कमाल अख्तर ने विधानसभा सत्र में क्रॉसिंग पर फ्लाई ओवर पुल वनवाये जाने की मांग करते हुए कहा था कि कई प्रदेशों के लोग मुरादाबाद होकर हरिद्वार आवागमन करते हैं। इधर से हजारों की संख्या में श्रद्धालु कांवर लेकर गुजरते हैं। घंटों जाम लगने से श्रद्धालु, आमजन, एंबुलेंस समेत कई लोग जाम में फंसे रहते हैं। पुल के निर्माण से अनेक प्रदेशों से गुजरने वाले श्रद्धालुओं एवं यात्रियों को घंटों जाम से छुटकारा मिलेगा। नागरिकों ने फ्लाई ओवर पुल की स्वीकृत होने पर हर्ष जाहिर करते हुए विधायक का आभार व्यक्त किया है।

## मिलजुल कर मनाएं होली का पर्व

संवाददाता, बिलारी



नगर मेला कमेटी की बैठक में होली के त्योहार को लेकर चर्चा करते पदाधिकारी।

● नगर मेला कमेटी की बैठक में सौंपी जूलूस की जिम्मेदारी

**अमृत विचारः** नगर मेला कमेटी के तत्वावधान में होली के तीनों जुलूसों की संचालन समिति के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी कौशल ठाकुर को सौंपी गई, तीस सदस्य सहयोग करेंगे।

रविवार को नगर में शाहबाद रोड स्थित कमेटी के कार्यालय पर आहूत बैठक में तय किया गया कि पहला जुलूस एकादशी पर 27 फरवरी की शाम 6:00 बजे, तीन मार्च की शाम गुलाल का जुलूस शाम 6:00 बजे और मुख्य जुलूस 4 मार्च को साढ़े दस बजे निकलेगा। सभी जुलूस नगर के ऐतिहासिक झंडा चौक से आरंभ होकर निर्धारित मार्गो से गुजरेंगे।

कमेटी अध्यक्ष संजय जैन ने आह्वान किया कि जल ही जीवन है इसलिए सूखे रंगों का प्रयोग करें ताकि पेयजल की बर्बादी ना हो सके। पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ने कहा कि होली मिलजुल कर प्रेम सौहार्द के साथ मनाएं। सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज चौहान ने कहा कि यह सभी नगर वासियों का पर्व है सभी लोग इसमें बराबर की जिम्मेदारी समझे। बैठक में सुरेंद्र कुमार चुग, सुधीर अग्रवाल, अजय अग्रवाल, दुष्यंत चौहान ,दिनेश प्रजापति, राजेश प्रजापति, रामनिवास शर्मा ,मनोज ठाकुर, दीपक यादव ,अंशुल, मनोज अग्रवाल, निहाल सिंह लाठर ,अभिषेक शर्मा, गिरीश गर्ग, आकाश बंसल, भाजपा नगर अध्यक्ष विकास गुप्ता आदि शामिल रहे।

## ठाकुरद्वारा–स्योहारा मार्ग के चौड़ीकरण को नहीं मिली मंजूरी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

● छह माह पहले 66 करोड़ रुपये का स्टीमेट तैयार कर स्वीकृति हेतु भेजा गया था लखनऊ

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा–स्योहारा मार्ग के चौड़ीकरण की घोषणा को करीब छह माह बीत जाने के बावजूद अब तक मंजूरी नहीं मिल सकी है। लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान इस मार्ग को चौड़ा करने की घोषणा की गई थी, लेकिन अभी तक काम शुरू नहीं हो पाया है।

घोषणा के अनुसार इस मार्ग की चौड़ाई 10 मीटर की जानी है, जिसके लिए लगभग 66 करोड़ रुपये का स्टीमेट तैयार कर स्वीकृति हेतु लखनऊ भेजा गया था। वर्तमान में सड़क की चौड़ाई लगभग 7 मीटर है। लगातार बढ़ते यातायात के दबाव के चलते यह मार्ग अक्सर जाम की स्थिति से गुजरता है। इसके अलावा सड़क की जर्जर हालत को लेकर स्थानीय लोग समय-समय पर शिकायतें भी करते रहे हैं।

यह मार्ग प्रदेश को उत्तराखंड से जोड़ने वाला एक प्रमुख संपर्क मार्ग बनता जा रहा है। इसे देखते हुए विभाग ने चौड़ीकरण का निर्णय लिया था। घोषणा भाजपा नेता ठाकुर अजय प्रताप सिंह की मांग पर की गई थी। हालांकि अब तक वित्तीय स्वीकृति न मिलने के कारण कार्य आगे नहीं बढ़ सका है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि प्रस्ताव स्वीकृत होते ही कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता अजय कुमार ने बताया कि चौड़ीकरण का प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है। इसके साथ ही इस मार्ग पर बिजनौर बॉर्डर तक दोबारा कोलतार की परत बिछाने का प्रस्ताव भी भेजा गया है। दोनों प्रस्तावों में से जिस पर पहले बजट स्वीकृत होगा, उसी पर कार्य शुरू किया जाएगा।

## हादसे में पति-पत्नी व बच्ची घायल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचारः** जनपद बिजनौर के थाना अफजलगढ़ क्षेत्र के गांव जयनगर निवासी राहुल कुमार पत्नी पूजा और पुत्री गीता(7) के साथ बाइक से उत्तराखंड के काशीपुर स्थित एक रिश्तेदारी में विवाह समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। लौटते समय रतुपुरा गांव की ओर जाते हुए मंडी समिति के पास तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद कार चालक को लोगों ने रोक लिया। आरोप है कि कार में सवार अन्य युवकों ने घायल परिवार के साथ अभद्र व्यवहार किया और उनका मोबाइल फोन छीन लिया।

लोगों ने आरोपियों की कार मंडी समिति परिसर में खड़ी करवा ली व छीना मोबाइल वापस दिलवाया। इसके बाद घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## सीएनएस एकेडमी में सीटेट परीक्षा शांतिपूर्वक हुई



परीक्षा की व्यवस्था में लगा स्टाफ। ● अमृत विचार

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचारः** सीएनएस एकेडमी में शनिवार व रविवार को केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन सफलतापूर्वक कराया गया। दोनों दिनों में प्रतिदिन 960 अभ्यर्थियों का पंजीकरण निर्धारित था।

शनिवार को कुल 838 अभ्यर्थियों ने उपस्थिति दर्ज कराई एवं रविवार को 834 अभ्यर्थियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। परीक्षा का संचालन पूर्णतः शांतिपूर्ण, व्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से किया गया। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए विद्यालय परिसर में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी। केंद्र अधीक्षक, पर्यवेक्षकों तथा समस्त स्टाफ ने पूरी जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ कर्तव्यों का निर्वहन किया। प्रशासनिक दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए परीक्षा प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सहयोगियों का आभार जताया।

## न्यूज डायरी



### विद्यार्थियों ने मानसिक व कलात्मक प्रतिभा का किया प्रदर्शन

**कांठ, अमृत विचार :** रविवार को नगर कांठ में स्थित सेंट पॉल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में द इंटेलिजेंस चैंपियनशिप आई क्यू टेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रथम पाली में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों की परीक्षा प्रात: 8 बजे व द्वितीय पाली कक्षा यूकेजी से कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों की परीक्षा दोपहर 12 बजे से प्रारंभ हुई। परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों की दिमागी तथ्यों का आंकलन करना और विद्यार्थियों के अंदर छिपी प्रतिभाओं को परखना और उन्हें प्रोत्साहित करना रहा। यू के जी से 12वीं तक के कांठ, स्योहारा, धामपुर, करनपुर, सहसपुर, अगवानपुर, हरथला, उमरीकला, मुरादाबाद, छजलैट , अमरोहा आदि क्षेत्रों के हजारों विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया। परीक्षा एनसीईआरटी पाठ्यक्रम पर आधारित थी । परिणाम 22 मार्च रविवार को घोषित होगा। आयोजन में स्कूल चैयरमैन जितेंद्र विश्नोई, रितु विश्नोई, मैनेजिंग डायरेक्टर सचिन विश्नोई ने अभिभावक एवं आगंतुकों का आभार जताया



### सड़कों पर ई-रिक्शा का कब्जा घंटों में तय हो रहा मिनटों का समय

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** रामपाल द्वार से रतुपुरा मोड़ तक लगने वाला जाम अब समस्या नहीं, बल्कि रोज की नियति बन चुकी है। सड़क पर चलने वाले वाहनों से ज्यादा संख्या में ए–रिक्शा खड़ी मिलते हैं। जिसके चलते यह मार्ग अब सड़क कम और रिक्शा स्टैंड ज्यादा नजर आता है।

हालात ऐसे हैं कि मिनटों का सफर घंटों में तय होता है। स्कूली बच्चों से लेकर मरीजों हर कोई इस अव्यवस्था का शिकार है। जाम में फंसे लोगों का कहना है कि यहां ट्रैफिक नियम केवल किताबों में हैं, सड़क पर नहीं। इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों के अधिकारी चुप्पी साधे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यही हाल रहा तो जल्द ही इस मार्ग पर जाम स्थायी है का बोर्ड भी लगा दिया जाए, ताकि आने–जाने वाले पहले से ही मानसिक रूप से तैयार रहें। क्षेत्र की जनता ने मांग की है कि ए–रिक्शाओं के संचालन के लिए ठोस व्यवस्था की जाए और यातायात व्यवस्था को कागजों से निकालकर सड़क पर लागू किया जाए।



### गागन तिराहे पर नई पुलिस चौकी का उद्घाटन

**कुंदरकी, अमृत विचार :** कुंदरकी ब्लॉक क्षेत्र के मैंनाठेर थाना क्षेत्र में रविवार को नवनिर्मित पुलिस चौकी गागन तिराहा का उद्घाटन प्रभारी मंत्री अनिल कुमार ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में डीएम, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एसपी ग्रामीण समेत कई पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार कानून–व्यवस्था मजबूत करने के लिए पुलिस व्यवस्था को लगातार सशक्त बना रही है। इस चौकी से अपराध रोकने में आसानी होगी और लोगों को जल्द मदद मिलेगी। उन्होंने पुलिस–जनता के बीच बेहतर तालमेल का भरोसा दिया। स्थानीय लोगों ने इसे क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात बताया।



### मोहम्मद शहजाद बने रालोद के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष

**कांठ, अमृत विचार :** नगर पंचायत ऊमरी कलां में राष्ट्रीय लोक दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें संगठन को मजबूत करने पर बल दिया । रविवार को नगर पंचायत ऊमरी कलां में राष्ट्रीय लोक दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का सम्मेलन किया गया जिसमें प्रदेश व जिले के अधिकारियों ने भाग लिया। प्रदेश अध्यक्ष दिलनवाज ने कहा कि जनता के बीच जाकर शिक्षा, रोजगार और बुनियादी मुद्दों पर आवाज उठाएं। उन्होंने ऊमरी कलां के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद शहजाद को रुहेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया, जिससे ऊमरी कलां में खुशी की लहर दौड़ गई। इस मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष रामवीर सिंह, प्रदेश सचिव दिलप्रीत सिंह ,जिला अध्यक्ष मनोज चौधरी ,जावेद फारुकी,व पार्टी के भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

### नाम परिवर्तन सूचना

पहले मेरा नाम FAHIM AHMAD था, अब बदल कर FAHEEM AHMAD S/O NAFEES AHMAD R/O MOHALLA GASHTIYAN AMROHA DIST AMROHA रख लिया है, भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## समीक्षा मिशन की टीम ने किया स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण

**कुंदरकी, अमृत विचारः** बागपत से आई राज्य समीक्षा मिशन (एसआरएम) की टीम ने कुंदरकी ब्लॉक में स्वास्थ्य सेवाओं का गहन निरीक्षण किया। टीम ने सीएचसी कुंदरकी, पीएचसी मैनाठेर, डींगरपुर, हरियाणा, रतनपुर कलां और 15 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की गुणवत्ता जांची। कुल 20 स्वास्थ्य केंद्रों पर दौरा किया गया। 6 फरवरी से 8 फरवरी तक टीम ने सभी केंद्रों पर सेवाओं की बारीकी से पड़ताल की। टीम सदस्य अतिरिक्त सीएमओ डॉ. मुकेश कुमार, जिला शहरी स्वास्थ्य समन्वयक विकास कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे। जांच सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए की गई। टीम ने कमियों पर सुधार के सुझाव दिए।

## दौड़ में दीपक चौधरी व तनिष्का ने मारा मैदान



दौड़ प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी छात्रा को पुरस्कृत करते अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलारी

● विधायक प्रतिनिधि ने प्रतियोगिता का फीता काटकर किया उद्घाटन

**अमृत विचारः** रविवार को गांव क्षेत्र के गांव मंगूपुरा झगड़ा में यादव उत्थान समिति द्वारा आयोजित दौड़ प्रतियोगिता में बिलारी विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद हस्सान उर्फ फैजी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। विभिन्न क्षेत्रों से आए युवाओं ने 800 मीटर व 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना को बढ़ाना है। उन्होंने विजेताओं को मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान क्रमशः दीपक चौधरी 1600 मी, राजू यादव 1600 मी, अभिषेक 1600 मी, तनिष्का 800 मी, शिवानी यादव 800 मी, सोयम 800 मी विजेता रहे। इसमें मुख्य रूप से विजय यादव, सतवेंद्र यादव, मुकुल यादव, राजेश्वर सिंह ,चंद्रकेश यादव ,राज यादव ,कृपा शंकर यादव ,सुमित यादव, अरुण कुमार ,जितेंद्र यादव ,जसवीर सिंह ,विश्वजीत उर्फ चीकू यादव आदि मौजूद रहे।

**न्यूज ब्रीफ**

### प्रदूषण फैलाने वालों पर कार्रवाई की मांग

**रामपुर, अमृत विचार :** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया अठावले की रविवार को जुबैर अहमद सैफी के आवास पर बैठक हुई। महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष नसरीन खां ने कहा कि थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के ग्राम अहमदनगर जागीर में टायर जलाकर प्रदूषण फैलाया जा रहा है। बच्चे और बुजुर्ग दमा से पीड़ित हो रहे हैं। पूर्व में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मोहम्मद आलिम ने कहा टायर जलाने वाली फैक्ट्री गेट पर धरना दिया जाएगा। बैठक में जुबैर अहमद सैफी, जावेद मियां, परवीन जहां, आफरीन, शहीद, मतलूब जहां, मुन्ने खां, इकबाल खां, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

### भाकियू अराजनैतिक की मासिक पंचायत

**रामपुर, अमृत विचार :** भाकियू अराजनैतिक की मासिक पंचायत सोमवार को तहसील मिलक डाक बंगला में होगी। मीडिया प्रभारी अब्दुल रज्जाक ने बताया कि पंचायत में बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं के उत्पीड़न, पशुओं से किसानों की फसल में नुकसान, खतौनी में नाम गलत जैसी समस्याओं के निस्तारण को लेकर चर्चा होगी। पंचायत के बाद समस्याओं को लेकर, एसडीएम मिलक को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# नकलविहीन परीक्षा कराने को विभाग तैयार

## हाईस्कूल के 25,518 और इंटरमीडिएट के 21,248 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा, केंद्र वार रहेगी प्रश्नपत्रों में कोडिंग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड परीक्षा में नकल रोकने के लिए माध्यमिक शिक्षा विभाग तैयार है। प्रश्नपत्र में केंद्रवार कोडिंग रहेगी और चार लेयर पैकेजिंग पूर्व की भांति रहेगी। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों पर होने वाली तमाम गतिविधियों की 24 घंटे निगरानी रहेगी। इसके लिए क्षेत्रीय कार्यालयों में कमांड एंड कंट्रोल सेंटर काम कर रहा है। 18 फरवरी से 74 केंद्रों पर यूपी बोर्ड परीक्षा शुरू होगी। हाईस्कूल के लिए 25518 और इंटरमीडिएट के 21,248 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया है।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि नकलविहीन परीक्षा कराए जाने के लिए तमाम एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं। परीक्षा की पूरी व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए सेंटर स्तर पर तैयारी की समीक्षा की जा रही है। 18 फरवरी से यूपी बोर्ड की दो पालियों में परीक्षा शुरू होगी। पहली पाली में प्रातः 8:30 से



डीआईओएस कार्यालय रामपुर।

11:45 बजे तक हाईस्कूल का प्रारंभिक हिंदी का प्रश्न पत्र होगा। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट का अपराह्न 2 से 5:15 बजे तक सामान्य हिंदी का प्रश्नपत्र होगा। यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 74 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक किया जा रहा है। ताकि, परीक्षा कक्ष की गतिविधियों

- 18 फरवरी से 74 केंद्रों पर शुरू होगी यूपी बोर्ड परीक्षा

> परीक्षार्थी उत्तर याद करने के पश्चात उन्हें तय समय सीमा में लिखने का अभ्यास करें। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए कुल 40,766 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया है।
> – **अंजलि अग्रवाल**, जिला विद्यालय निरीक्षक

पर नजर रखी जा सके। परीक्षा केंद्रों पर साफ पानी, बिजली, शौचालय, जेनरेटर की भी व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त कराई जा रही है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि यूपी बोर्ड ने परीक्षा कार्यक्रम घोषित कर दिया है। कहा कि छात्र-छात्राएं अच्छे नंबर लाने के लिए तड़के में करीब 3 घंटे परीक्षा की तैयारी करें। परीक्षा की तैयार स्टेप वाइज करें, एक विषय की तैयारी पूरी होने पर दूसरे विषय की तैयारी में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि इस दौरान विशेष चौकसी रहेगी, जिसके लिए पुलिस बल भी लगाया जाएगा।

### दो केंद्रों पर आज से होगी मौलवी व मुंशी की परीक्षा

**रामपुर, अमृत विचार :** सोमवार आज से दो परीक्षा केंद्रों पर मदरसा बोर्ड की परीक्षा होगी। रविवार को शहर स्थित श्री हरि इंटर कॉलेज और स्वार स्थित जवाहर इंटर कॉलेज में सीटिंग प्लान लगवाया गया। नकलविहीन परीक्षा कराए जाने के लिए तीन सचल दल और 5 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे। मदरसा बोर्ड परीक्षा के लिए 629 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया है। मुंशी, मौलवी और आलिम की परीक्षा आज से शुरू होगी। नकलविहीन परीक्षा कराए जाने के लिए परीक्षा केंद्रों पर पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। परीक्षा केंद्रों पर सीसी कैमरों की निगरानी मुंशी मौलवी और आलिम की परीक्षा होगी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी गौरव खड़ायत ने बताया कि मदरसा बोर्ड परीक्षा के लिए 629 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया है। जिसमें मुंशी-मौलवी के 466 और आलिम के 163 परीक्षार्थी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों के परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था कराई गई है। इसके अलावा परीक्षा के दौरान उड़नदस्ते छापामारी करेंगे। कहा कि परीक्षा पूरी तरह नकलविहीन कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा में लापरवाही बरते जाने पर केंद्र व्यवस्थापक के विरुद्ध कार्रवाई होगी।


श्री हरि इंटर कालेज में सीटिंग प्लान कराते शिक्षक। • अमृत विचार

# प्रतियोगिता में ज्योति प्रथम और अनिकेत रहे द्वितीय


विजेता छात्रा-छात्राओं के साथ कबड्डी खिलाड़ी व अतिथि। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- चमरौआ ब्लॉक में आयोजित प्रतियोगिता में छात्रों में दिखा उत्साह

**अमृत विचार:** ब्लॉक चमरौआ के पंजाब नगर गांव में रविवार को ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा सुधार के लिए राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव और समाजसेवी संगठनों ने सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता कराई। इसमें कक्षा 9 व 10 में ज्योति प्रथम रही, जबकि अनिकेत द्वितीय स्थान पर रहे।

परीक्षा के दौरान इंस्पेक्टर श्यामवीर सिंह ने विचार रखे। उन्होंने कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव की प्रशंसा की। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में कक्षा 9 और कक्षा 10 के प्रथम ज्योति, द्वितीय अनिकेत, तृतीय स्थान वाले विजेता छात्रों को साइकिल, 2100 रुपये और 1100 रुपये का नगद पुरस्कार दिया गया। कक्षा पांच में इशी प्रथम, कक्षा-7 व 8 में आदर्श लोधी प्रथम रहे। इस दौरान मैत्री वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष संजीव यादव, साईं सीनियर सेकेंडरी स्कूल के उपप्रधानाचार्य पंकज लोधी, माइंड ब्रिज लाइब्रेरी से रघुवीर सिंह, प्रधान आसिफ अली, राजकुमार, तेजपाल, अमित दिवाकर, अखिलेश, श्याम यादव, महताब प्रधान, धर्मपाल, नेमपाल, ज्ञान सिंह, श्याम यादव, केदार लोधी, कुलदीप यादव, ईश्वर सिंह, गुरदीप आदि मौजूद रहे।

# सुबह से खिली धूप मौसम हुआ खुशगवार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** सुबह से धूप खिलने से मौसम खुशगवार हो गया। लोगों ने छतों और पार्कों में बैठकर धूप का आनंद लिया। मौसम खुशगवार होने से बाजारों में ग्राहकों की भीड़ रही। इसके लिए मौसम साफ होने पर वाहनों ने सड़कों पर फर्राटा भरा।

रविवार सुबह 10 बजे अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, लेकिन शाम 6 बजे तक अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस हो गया। 10 किमी. प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चलने पर शाम को लोगों को सर्दी का अहसास हुआ। पिछले तीन दिन से सुबह को घना कोहरा छाया रहने से सर्दी के कारण लोग घरों से कम निकल रहे थे। लेकिन रविवार को

> आमतौर पर मौसम शुष्क रहेगा। अधिकतम 23 से 26 जबकि, न्यूनतम तापमान 8 से 11 डिग्री तक रहने का अनुमान है। तेज हवा चलने पर किसान सिंचाई नहीं करें अन्यथा फसल गिरने का डर रहता है।
> – **डॉ. श्वेता सिंह**, मौसम वैज्ञानिक

**हाल-ए-मौसम**

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 16 डिग्री से. |
| न्यूनतम तापमान | 9 डिग्री से. |
| आद्रता | 64 प्रतिशत |
| वायु वेग | 10 किमी. प्रति घंटा |

सुबह से सूरज निकलने पर लोगों को काफी राहत मिली। लोग धूप सेंकने के लिए छतों और पार्कों में पहुंचे। बच्चे भी खेलने के लिए पार्कों में पहुंच गए।

# बुजुर्ग महिला की हत्या का खुलासा

संवाददाता टांडा

- जान पहचान की महिला गुलफ्शां ने की थी गला दबाकर हत्या
- परिजनों ने लगाया जेवर चोरी करने का आरोप

**अमृत विचार :** टांडा में महिला की गला दबाकर की गई हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। घटना की गुत्थी सुलझाते हुए पुलिस ने आरोपी महिला गुलफ्शां को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया। इस प्रकरण में मृतका के भतीजे के तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी।

कस्बे के मोहल्ला नज्जूपुरा निवासी मोहम्मद हारिस ने बताया कि उसकी बुआ रफत शाहीन (65) और फूफा हाजी शफी के औलाद नहीं थी। बुआ-फूफा ने उसे गोद लिया था। इसलिए वह बचपन से ही उनके पास रहता है। बताया कि उसकी कपड़े की दुकान मस्जिद ठेकेदार वाली गली में है। शनिवार को वह दिन में 12.30 बजे घर से दुकान पर आया था। जिस वक्त वह घर से आया था। उस वक्त उसकी बुआ रफत शाहीन के पास


पुलिस हिरासत में आरोपी महिला।

आजादनगर निवासिनी गुलफ्शा पत्नी नावेद बैठी हुई थी। हारिस ने बताया कि 12.30 बजे के करीब महिला ने उसे फोन पर जानकारी दी कि उसकी बुआ घर में अचेत पड़ी हैं। जानकारी मिलने पर वह तुरंत घर पहुंचा। वहां बेड पर रफत शाहीन का अचेत अवस्था में पड़ी थीं। वह तुरंत उन्हें लेकर डॉक्टर के पास पहुंचा। डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मामला संदिग्ध होने पर उसने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने तथ्य जुटाए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में रफत शाहीन की हत्या गला दबाकर होना बताया गया। इसके बाद पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी खंगाले। पुलिस ने गुलफ्शां को हिरासत में लेकर पूछताछ की। तब उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी महिला को जेल भेज दिया।

**लूटपाट का लगाया आरोप**

वारदात के बाद घटनास्थल पर मौजूद मोहम्मद हारिस ने बताया था कि लुटेरों ने न केवल हमला कर मेरी फूफी की जान ली है, बल्कि घर में उसकी शादी के लिए एकत्रित किए कीमती जेवरात और लाखों रुपये की नगदी रखी थी, जो घटना के बाद से नदारद है। लोगों का कहना है कि मीना बाजार हर समय भीड़ से भरा रहता है। गली में हत्या के बाद परिवार की महिलाओं दहशत है।

# ब्रेकडाउन होने से छह घंटे बाधित रही बिजली आपूर्ति

संवाददाता मसवासी

**अमृत विचार:** टांडा से दड़ियाल होकर मसवासी पहुंच रही हाईटेंशन लाइन में फिर ब्रेकडाउन हो गया, जिससे मसवासी नगर समेत 32 गांव की बिजली आपूर्ति 6 घंटे बाधित रही। जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

शनिवार की देर रात लगभग तीन बजे हाई टेंशन लाइन में ब्रेकडाउन हो गया। जिससे मसवासी नगर समेत बिजार खाता, चाउपुरा, भूबरा, अलीगंज, सीतारामपुर, मजरा, फतेहगंज, बेलवाड़ा, चौहद्दा, कुंदनपुर, रहमतगंज, करीमपुर, मंसूरपुर, खुशहालपुर, धर्मपुर उत्तरी, मिलकनौखरीद सहित 32 गांव की बिजली आपूर्ति रविवार सुबह दस बजे तक बाधित रही। जिससे क्षेत्रवासियों को बिजली किल्लत का सामना करना पड़ा। बिजली किल्लत के चलते कस्बे


बिजली की लाइन सही करता कर्मचारी।

- मसवासी समेत आसपास के करीब 32 गांव हुए प्रभावित

की पैजल आपूर्ति भी बाधित रही। आए दिन हाईटेंशन लाइन में ब्रेकडाउन की समस्या से नगर क्षेत्र के लघु उद्योग धंधे भी प्रभावित होने के कगार पर हैं। रविवार की सुबह टांडा बाजपुर मार्ग के किनारे बिजली कर्मियों ने पेट्रोलिंग की और ब्रेकडाउन दूर किया उधर अवर अभियंता श्याम सिंह ने बताया की ब्रेकडाउन दूर कर बिजली आपूर्ति दुरुस्त कर दी गई है।

# जिले भर के किसानों की बनेगी यूनिक आईडी

**रामपुर, अमृत विचार:** खेती-किसानी के भविष्य को सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए योगी सरकार की 'फार्मर रजिस्ट्री' योजना में रामपुर ने पूरे प्रदेश में अव्वल रहा है। 2.30 लाख के लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए जिले ने अब तक 1.99 लाख किसानों का डेटा फीड कर प्रदेश में पहला स्थान पाया है। अधिकारियों ने बताया कि जिस तरह आम नागरिक की पहचान 'आधार' से होती है, वैसे ही अब किसान की पहचान उसकी ''फार्मर आईडी'' से होगी। अब किसानों को केसीसी बनवाने या रिन्यू कराने के लिए बार-बार तहसील से खतौनी नहीं निकलवानी होगी। डिजिटल केवाईसी के जरिए बैंक सीधे नाबार्ड पोर्टल से किसान की जमीन का विवरण देख लेंगे। अब रजिस्ट्री जमीन के गाटा संख्या से लिंक है, केवल पात्र किसान को सब्सिडी का लाभ मिल सकेगा।

# मतदाता पंजीकरण की दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के एक दिवसीय शिविर लगा। शिविर में कालेज प्राचार्य डॉ. सुनीता ने छात्राओं को मतदाता पंजीकरण एवं मतदाता पहचान पत्र के महत्व के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य ने लोकतंत्र की मजबूती में मतदान की निर्णायक भूमिका को रेखांकित किया।

डॉ. जया ने शिविर में छात्राओं को योग के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने योग को शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक बताते हुए उसके नियमित अभ्यास पर बल दिया। शिविर में तंबाकू उन्मूलन अभियान के तहत भाषण प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में स्वयं सेविकाओं ने तंबाकू सेवन



राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के शिविर में मौजूद छात्राएं।

- राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में लगा एनएसएस शिविर

के दुष्प्रभावों के बारे में बताया और समाज को इससे मुक्त करने का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रतिभा यादव ने कहा कि स्वयंसेविकाओं को समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन पूर्ण समग्रता एवं समर्पण के साथ करना चाहिए। अपनी शिक्षा के साथ संतुलन बनाते हुए सामाजिक सेवा में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से प्राप्त अनुभव उनके व्यक्तित्व विकास और नेतृत्व क्षमता को सशक्त बनाते हैं। इसके बाद कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वंदना राठौर ने छात्राओं को तंबाकू सेवन से हानि एवं उससे बचने के उपाय के बारे में बताया। कहा कि आसपास के लोगों को तंबाकू से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी। शिविर के द्वितीय सत्र में स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय में श्रमदान किया। संचालन डॉ. प्रतिभा यादव ने किया।

# धोखाधड़ी से भूमि हड़पने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता बिलासपुर

- चार आरोपियों पर है जालसाजी का आरोप

**अमृत विचार :** धोखाधड़ी कर जमीन हड़पने के मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर तीन नामजद समेत चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्षेत्र के गांव गदा फार्म निवासी जगजीत सिंह द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। आरोप लगाया कि साले मक्खन सिंह, गुरपिन्दर सिंह, सतेन्द्र कौर ने साजिश के तहत उनके साथ ठगी की है। 12 जून 2023 को विपक्षियों ने उनसे संपर्क किया और कहा कि भांजे ने एक जमीन खरीदी है, जिसके बैनामे के लिए परिवार के बड़े सदस्य के तौर पर उनकी मौजूदगी जरूरी है। बताया कि वह अपनों पर विश्वास कर तहसील चले गए। वहां विपक्षियों ने अपने वकील के माध्यम से कई कागजातों पर उनके हस्ताक्षर करवा लिए। आरोप है कि बिना कोई पैसा दिए विपक्षियों ने उसकी भूमि में से 0.1012 हेक्टेयर जमीन चुपके से गुरपिन्दर सिंह के नाम पंजीकृत करा ली। धोखाधड़ी का पता चलने पर न्यायालय की शरण ली। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर गुरपिंदर सिंह, सतेंद्र कौर, मक्खन सिंह तीन नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# राज्य स्तरीय टीम ने किया निरीक्षण

संवाददाता बिलासपुर

**अमृत विचार:** राज्य स्तरीय स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों का निरीक्षण किया। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, उपलब्ध संसाधनों और व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। व्यवस्थाएं दुरुस्त पाएं जाने पर टीम ने स्टाफ की सराहना की।

राज्य स्तरीय स्टेट रिव्यू मिशन के सदस्य डिप्टी सीएमओ डॉ. महेश चंद्र तथा चंद्रभान सिंह तोमर के नेतृत्व में दो सदस्यीय टीम सीएचसी पहुंची। टीम ने सीएचसी के साथ-साथ केमरी, मानपुर ओझा, नवाबगंज, बेगमाबाद स्थित पीएचसी केंद्रों और सत्रह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसआरएम के सदस्य डा.


बिलासपुर के सीएचसी केंद्र का निरीक्षण करते डिप्टी सीएमओ डॉ. महेश चंद्र।

- स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सीएचसी पीएचसी पर पहुंचकर की जांच

महेश चंद्र ने बताया कि यह टीम राज्य द्वारा संचालित ''स्टेट रिव्यू मिशन'' के तहत आई थी। बताया कि उनकी चेकलिस्ट के सभी बिंदु ऑनलाइन हैं, जिनके आधार पर व्यवस्थाओं और अनियमितताओं का आकलन किया। अधिकांश व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गईं और जहां सुधार की जरूरत दिखी है। वहां चिकित्साधिक्षक डा. अजीज हसन अंसारी निर्देशित किया गया है। टीम ने सेवाओं के संबंध में आम जनता से भी संवाद किया, जिससे उनका निरीक्षण संतोषजनक रहा। निरीक्षण के बाद टीम ने चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजीज हसन अंसारी सहित अन्य स्टाफ की पीठ थपथपाई और उनके कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर डा.मणिक अग्रवाल, डॉ. संजय सोलंकी, डॉ. वीके शर्मा, डा.तारिक, रोहित राय आदि मौजूद रहे।

# नगर पंचायत में ईओ न होने से विकास कार्य ठप

संवाददाता मसवासी

- जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र न बनने से लोगों को हो रही परेशान

**अमृत विचार:** नगर पंचायत कार्यालय मे ईओ को न होने से नगर के होने वाले विकास कार्य चौपट होकर रह गए हैं। वहीं जन्म व मृत्यु प्रमाणपत्र पत्र भी ईओ के न होने से नहीं बन पा रहे है। नगरवासी प्रमाणपत्र लेने के लिए नगर पंचायत कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। वहीं सामूहिक विवाह योजना के फार्म मे अधर मे लटक गए हैं। कर्मचारियों की सैलरी भी नहीं दी जा रही हैं।

कर्मचारी भी सैलरी न मिलने से परेशान हैं, नगर पंचायत ईओ सचिन कुमार एक माह पूर्व नगर पंचायत कार्यालय से छुट्टी लेकर चले गए थे। जिसकी वजह से नगर पंचायत कर्मचारी भी परेशान है। तब से अब तक नगर पंचायत के सारे विकास कार्य चौपट होकर रह गए है। वहीं नागरिक जन्म व मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने के लिए नगर पंचायत कार्यालय चक्कर काट रहे हैं। किसी को किसी काम के प्रमाणपत्र की जरूरत है। किसी को किसी काम लिए प्रमाणपत्र की जरूरत पड़ रही है, वहीं युवतियों के सामूहिक विवाह योजना के फार्म भी अधर मे लटक गए हैं। जिन युवतियों की अप्रैल माह मे शादी होनी है। वह दफ्तर के चक्कर काट रहे है उनके फार्म भी अधर मे लटक गए है। वहीं नगर पंचायत कर्मियों को जनवरी माह का वेतन भी नहीं मिल पाया है। वेतन न मिलने के कारण नगर पंचायत कर्मचारियों के सामने भी संकट पैदा हो गया है, उनके बच्चों की पढ़ाई लिखाई पर भी संकट पैदा हो गया कर्मचारी बच्चों की फीस भी जमा नहीं कर पा रहे हैं।

**आयोजन** कार्यक्रम में वक्ताओं ने दी विशेष जानकारी, आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

# हिंदू सम्मेलन में सनातन संस्कृति पर की चर्चा

संवाददाता टांडा

**अमृत विचार:** नगर के रामलीला मैदान में भव्य विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमें क्षेत्र के नागरिकों और हिंदू समाज के लोगों ने भारी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने राष्ट्र निर्माण, सनातन संस्कृति की रक्षा और सामाजिक एकता पर जोर दिया।

मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित मुरादाबाद विभाग के प्रचार प्रमुख पवन जैन ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने संघ के संस्थापक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार के जीवन संघर्ष और उनके राष्ट्रव्यापी कार्यों का उल्लेख किया। इसके अलावा आचार्य आदित्य कुमार शास्त्री ने


हिंदू सम्मेलन में मौजूद लोग। • अमृत विचार


कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार। • अमृत विचार

हिंदू धर्म और परंपराओं के महत्व को समझाया। उन्होंने विशेष रूप से लव जिहाद जैसी चुनौतियों के प्रति जागरूक करते हुए हिंदू बेटियों की रक्षा और युवाओं को भारतीयता से जोड़ने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित महंत केशव मुनि महाराज ने हिंदू, हिंदुत्व और हिंदुस्तान का नारा बुलंद किया। उन्होंने सेवा भाव और किसानों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए कहा कि एक मजबूत संगठन ही राष्ट्र को शक्तिशाली बना सकता है। महंत लक्ष्मण गिरि व महंत छोटू महाराज ने हिंदू समाज का मार्गदर्शन करते हुए सनातन मूल्यों के संरक्षण पर बल दिया, कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से हुआ। संचालन प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह ने किया, कार्यक्रम की अध्यक्षता विनोद कुमार वर्मा ने की। इस अवसर पर आशीष वर्मा, अश्वनी वर्मा, रामपाल सिंह, राजू सिंह, हिमांशु, प्रखर, विशाल कुमार, राजकुमार चौहान, सतपाल सिंह, राकेश कुमार, इंद्रेश कुमार, प्रताप सिंह, रोहतास सिंह, देवेंद्र सिंह और प्रयास सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# साइबर सेल ने गुम हुए मोबाइल बरामद किए


लोगों को खोए मोबाइल देने के बाद साथ में साइबर सेल सिविल लाइंस थाना पुलिस।

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** थाना सिविल लाइंस की साइबर सेल द्वारा 20 मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। जिससे मोबाइल स्वामियों के चेहरों पर मुस्कान देखने को मिली। मोबाइल मालिक बोले उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनके खाए मोबाइल मिलेंगे।

पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र द्वारा मोबाइल बरामदगी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम हुए मोबाइलों के संबंध में प्राप्त शिकायतों पर साइबर सेल थाना सिविल लाइंस पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए कुल 20 मोबाइल बरामद किये। इन 20 मोबाइल की अनुमानित कीमत करीब 4 लाख 15 हजार रुपये है। रविवार को साइबर सेल थाना सिविल लाइन द्वारा मोबाइल स्वामियों के सुपुर्द किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### किशोरी को ले जाने में पांच के विरुद्ध रिपोर्ट

**बबराला, अमृत विचार :** गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने में पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोप है कि 19 जनवरी की मध्यरात्रि उसकी नाबालिग बेटी लापता हो गई। जानकारी मिली है कि गांव आदमपुर असरोल थाना जरीफनगर बदायूं निवासी कन्हैया अपने गांव के ललतेश, विशाल, मुकेश और अपने पिता की मदद से उनकी बेटी को ले गया था। प्रभारी निरीक्षक राजीव मलिक ने कहा कि किशोरी की बरामदगी व दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### घर के बाहर चोरी हुई बुलेट, रिपोर्ट दर्ज

**बिलासपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला आनंद नगर निवासी रजत गुप्ता द्वारा कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि शनिवार की रात घर के बाहर बुलेट खड़ी थी। दो अज्ञात चोर चुरा कर ले गए। चोरी किए जाने के दौरान सारी घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इस पर प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जल्द ही बाइक को बरामद कर लिया जाएगा।

# नाबालिग चला रहे ई-रिक्शा, यातायात बदहाल

## शहर में आए दिन जगह-जगह लगता जाम, जिले में पंजीकृत हैं 4500 ई-रिक्शा, रूट तय न होने से समस्या

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** ई-रिक्शा चालकों ने पूरे शहर की ट्रैफिक व्यवस्था बिगाड़ दी है। शहर के बाजार नसरुल्लाह खां बाजार, मिस्टन गंज, शाहबाद गेट और शादाब मार्केट रोड सुबह से शाम तक जाम की गिरफ्त में रहते हैं। जिले में करीब 4500 ई रिक्शाएं पंजीकृत हैं जबकि, 20 हजार से अधिक संचालित हो रही हैं। ई रिक्शाओं का हैंडल नाबालिगों के हाथों में भी है।

ई-रिक्शा चालक सवारियों को देखकर तुरंत यू टर्न ले लेते हैं या फिर रिक्शा को वहीं रोक देते हैं जिसके कारण सड़क हादसे भी होते हैं। ई-रिक्शाओं के लिए प्रशासन ने रूट भी तय किया था लेकिन, ई-रिक्शा चालकों को जहां की सवारियां मिल जाती हैं वे उसी दिशा में चल देते हैं। यातायात पुलिस ने नसरुल्लाह खां बाजार से सफदरगंज की ओर मुड़ने वाली सड़क पर बैरिकेडिंग लगाया और पुलिसकर्मी भी तैनात रहते हैं। इस तरह मिस्टन गंज में चूने वाले फाटक की ओर आने वाले मार्ग पर बैरिकेडिंग लगा हुआ है और पुलिसकर्मी तैनात हैं। बैजनाथ की गली के सामने चाकू बाजार की ओर जाने वाली सड़क पर भी बेरिकेडिंग है। सर्राफा बाजार से शादाब मार्केट की ओर आने वाली सड़क पर शहर की जामा मस्जिद के निकट बेरिकेडिंग है और पुलिसकर्मी तैनात रहते हैं। इसके बावजूद चाकू, बाजार, शादाब मार्केट और सफदरगंज में ई- रिक्शाएं घूमती हैं जिसके कारण बाजार जाम की गिरफ्त में रहता है। इससे लोगों को काफी दिक्कत होती है।



नसरुल्लाह खां बाजार में बेतरतीब गुजरते ई-रिक्शा। ● अमृत विचार

- जगह-जगह ई-रिक्शा खड़ा करने से भी लग रहा जाम
- शिकायतों के बाद भी जिम्मेदार बन रहे अंजान

### कसाईखाना और काजी की गली से बाजार में पहुंच जाते हैं रिक्शा चालक

सवारियों को बाजार तक पहुंचाने के लिए ई रिक्शा चालक कसाईखाने और काजी की गली से बाजार सफदरगंज में पहुंच जाते हैं। बाजार में सवारियां उतारने के बाद और सवारियां बैठाकर गंतव्य की ओर जो की जुगत में लग जाते हैं और बाजार जाम की गिरफ्त में आ जाता है। कसाईखाने में घेरमर्दान खां और चरख वाली मस्जिद होते हुए पहुंच जाते हैं।

### परीक्षा के दौरान जाम में फंस सकते हैं परीक्षार्थी

सीबीएसई और यूपी बोर्ड की परीक्षा शुरू होने वाली है। मुख्य बाजारों में जाम के कारण परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में परीक्षार्थियों को देर हो सकती है। शहर में कुछ बाजार ऐसे हैं जो कि सुबह से शाम तक जाम की गिरफ्त में रहते हैं। जाम में परीक्षार्थियों के वाहन एवं साइकिल फंसने पर उन्हें परीक्षा में पहुंचने पर देरी हो सकती है। सीबीएसई के छात्र मोहम्मद अहमद बताते हैं कि शाहबाद गेट, मिस्टन गंज, पुराना गंज में जाम लगा रहता है। प्रशासन परीक्षा के दौरान बाजारों को जाम से मुक्त कराया जाए।

### अनजान बने अधिकारी

कई बार शिकायत के बाद भी अधिकारी अंजान बने हुए हैं। शहर के लोगों का कहना है कि वे लोग यातायात पुलिस अधिकारियों व अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं। कई बार जाम में फंसने से रोगियों की जान पर भी बन जाती है। समय पर इलाज न मिलने से रोगियों की जान भी जा सकती है। ये ही नहीं परीक्षार्थियों और नौकरी पेशा लोगों को भी कार्यालय या कॉलेज जाने में बिलंब होता है। इस संबंध में व्यापारी, वकील व अन्य लोगों ने कई बार आवाज उठाई, लेकिन कुछ दिन अभियान चलने के बाद मामला शांत हो जाता है।

# मजरा हसन संपर्क मार्ग पर गहरा गड्ढा बना हादसे की वजह

**मसवासी, अमृत विचार:** गांव मजराहसन समेत कई गांवों को संपर्क देने वाला घूघा नदी का पुल क्षतिग्रस्त होने के कगार पर है पुल के बीच-बीच गहरा गड्ढा हो जाने से हादसे की आशंका बनी हुई है। माजरा हसन समेत गिजपुरा आरसल पारसल नयागांव नजीबाबाद शिवनगर बब्बरपुरी समेत आसपास के गांव को संपर्क देने वाला घूघा नदी का पुल पर गड्ढा है। ग्रामीण जलीस अहमद, मोहम्मद अहमद, यामीन अहमद, फुरकान अहमद, असगर अली ने बताया की रात के समय पुल के पहले छोर में ही गहरा गड्ढा दुर्घटनाओं को दावत का न्योता दे रहा है। मामले में निर्माण विभाग के अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है, लेकिन निर्माण विभाग की ओर से गड्ढे को दुरुस्त नहीं किया गया है। ग्रामीण पुल के बीच ग़ड्ढा दुरुस्त न होने पर निर्माण विभाग के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी है।

भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के ब्लॉक अध्यक्ष सरदार लखविंदर सिंह ने भी इस मामले में निर्माण विभाग की निष्क्रियता पर आक्रोश प्रकट किया है और पुल संपर्क मार्ग दुरुस्त न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि यदि समस्या समाधान समय रहते न किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।



हसन संपर्क मार्ग के घूघा के बीच गहरा गड्ढा बना हादसे का सबब।

- पुल पर गड्ढा होने से कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

# धर्म प्रचारकों ने संग्रहालय देखा

संवाददाता बिलासपुर

**अमृत विचार:** भाई अजीत सिंह के विरासती परिवार द्वारा संरक्षित धार्मिक धरोहरों के प्रसिद्ध धर्म प्रचारक भाई रणजीत सिंह ढडरियां वालों तथा उनके साथी विद्वानों ने दर्शन किए। इस दर्शन को उन्होंने अपने जीवन के अमूल्य व आनंद देने वाले क्षण बताएं।

विरासती परिवार के भाई अजीत सिंह के पुत्र भाई चरणजीत सिंह व भाई हरिंदर सिंह ने उनका सरोपा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत-अभिनंदन किया। प्रचारक के पहुंचने पर सिख समुदाय के कई गणमान्य व अन्य नागरिक भी धरोहर स्थल पर आ जुटे। नगर क्षेत्र के माटखेड़ा रोड निवासी भाई अजीत सिंह का परिवार सिख समुदाय में विशेष महत्व रखता है। यह परिवार गुरु तेग बहादुर साहिब के परम शिष्य परंपरा से जुड़ा है। भाई अजीत सिंह, गुरु तेग बहादुर के दो प्रिय शिष्यों, भाई सतीदास और भाई मतीदास के वंशज हैं, जिन्होंने औरंगजेब के शासनकाल में अपना बलिदान दिया था। परिवार के पास शहीदों से जुड़ी कई ऐतिहासिक धरोहरें सुरक्षित हैं। इनमें हुकुमनामे, चंदोवा, श्री सिंह कृपाण, कलाकृतियां और पंजाबी पुस्तकें शामिल हैं। इन धरोहरों के दर्शन के लिए भाई अजीत सिंह ने अपने आवास के निकट एक संग्रहालय और पुस्तकालय की स्थापना की है, जहां अब तक कई राजनैतिक, धार्मिक व सामाजिक हस्तियां धरोहरों के दर्शन करने आ चुकी हैं। विरासती परिवार को गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस के विभिन्न समागम कार्यक्रमों में कई राजनैतिक और धार्मिक हस्तियां सम्मानित कर चुकी हैं। सिख प्रचारक ने इस अवसर पर कहा कि महान धार्मिक धरोहरों को देखकर वह स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। सिख धर्म को जानने व मानने वाले हर नागरिक को इन्हें देखकर निहाल हो जाना चाहिए। इस मौके पर करनदीप सिंह, दर्शन सिंह, खुशपाल कौर, अमरीक सिंह नायक, रंजीत सिंह, जोधवीर सिंह सहित अनेक गणमान्य व अन्य संगत मौजूद रही।



धर्म प्रचारक भाई रणजीत सिंह तथा उनके साथियों का स्वागत करते लोग।

# सनातन की रक्षा और उसे आगे बढ़ाने का है समय

संवाददाता बिलासपुर

- विराट हिंदू सम्मेलन का किया गया आयोजन

**अमृत विचार:** बिलासपुर तहसील क्षेत्र के गांव डिबडिबा में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विराट हिंदू सम्मेलन किया गया। इसमें सनातन और हिंदू गर्व व एकजुटता की अलख जगाई गई। इसमें आरएसएस के जिला बौद्धिक प्रमुख सुमित गंगवार ने कहा कि यह समय सनातन की रक्षा और उसे आगे बढ़ाने का है।

उन्होंने कहा कि एक समय था जब हिंदुओं ने पूरी तरह से स्वयं को हीन-दीन समझ लिया था। हिंदू जागरण की दिशा को नई ऊर्जा एवं चेतना प्रदान करने के लिए सर्व हिंदू सनातन संस्कृति, धर्म एवं सामाजिक एकता के प्रतीक विशाल हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। सम्मेलन में जिला शारीरिक शिक्षण प्रमुख नरेंद्र कुमार, सह खंड संघचालक सुखदर्शन सिंहल कई वक्ताओं ने विचार रखे। मौके पर आरएसएस के खंड कार्यवाह प्रमोद बिष्ट, विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री विजय कोली, खंड प्रचारक पवन शर्मा, श्रीकृष्ण महाराज, विपिन पाल, गौरव गंगवार, लालता प्रसाद, विवेक गुप्ता, शंकर सिंह टाकुली, मयंक कोटिया, भूपेंद्र शर्मा, भानु प्रसाद, विकास कुमार, मनोज कुमार, समीर मौजूद रहे। सम्मेलन की अध्यक्षता प्राचीन चंदेन मंदिर के महंत पंडित महेश शुक्ला ने की, संचालन अनिल कुमार ने किया।

# प्रसिद्ध हस्तियों को बैठक में दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** सौलत पब्लिक लाइब्रेरी के अल्हाज हिमायतुल्लाह खान हॉल में शनिवार रात एक विशेष शोक सभा की गई। इसमें शहर की प्रभावशाली हस्तियों प्रसिद्ध कवि ताहिर फराज, वरिष्ठ इतिहासकार व नाटककार नफीस सिद्दीकी, प्रसिद्ध कथाकार डॉ. समीउद्दीन खान शादाब, समाजसेवी डॉ. सैयद इशरत इकबाल और उस्ताद सिद्दीक खान के बेटे शाद हुसैन खान के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। सभी को खिराज-ए-अकीदत पेश की गई।

शोक सभा की अध्यक्षता सौलत पब्लिक लाइब्रेरी के अध्यक्ष डॉ. महमूद अली खां ने की, जबकि मोहम्मद नोमान खां गाजी ने अपने अनूठे अंदाज में संचालन की जिम्मेदारी निभाई। शोक सभा का शुभारंभ डॉ. सैयद अनवरुल हसन कादरी द्वारा पवित्र कुरान के पाठ से हुआ, जिसके बाद प्रसिद्ध कवि ज़िया इनायती ने अपनी नात पेश की। इस दौरान मशहूर शायर नईम नजमी, अब्दुल्ला खालिद, रिजवान अहमद सिद्दीकी, मौलाना हसन बदर, सैयद मुदस्सर मियां और डॉ. महमूद अली खां ने दिवंगत शख्सियात के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला और उनकी साहित्यिक और सामाजिक सेवाओं का वर्णन किया। अंत में मौलाना हसन बदर ने सामूहिक दुआ-ए-मगफिरत कराई। सेवानिवृत्त जज खलील अहमद खां, अतीक जिलानी सालिक, हस्सान आफंदी, अब्दुल रऊफ खां, फरीद शम्सी, काशिफ खां, डॉ. मेहंदी हसन, जीशान मुहम्मद खान मुराद, अब्दुल वहाब सुखन, मोईन खां एडवोकेट, मजहर मियां मजहर, जाहिद खां, कामरान शाह खां, वली खां, साजिद रामपुरी, अब्दुल जब्बार खान, अबरार हुसैन उस्मानी, अय्यान खान, मजहर मोइन खां, शहज़ादा रिजवान खां, मोहम्मद इरफान खान आदि मौजूद रहे।




सौलत लाइब्रेरी में प्रसिद्ध हस्तियों के निधन पर शोकसभा में मौजूद लोग।

- शायर ताहिर फराज, इतिहासकार नफीस सिद्दीकी सहित अन्यों को खिराज-ए-अकीदत पेश की

# धूमधाम से महाराजा निषाद राज जयंती मनाएगा तुरैहा समाज



बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- बैठक में वक्ताओं ने रखे विचार दी विशेष जानकारी

**अमृत विचार:** सराए गेट स्थित बाबा रामस्वरूप तुरैहा कि समाधि पर तुरैहा मछुआ समाज की बैठक रविवार को हुई। जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने 5 अप्रैल को महाराजा निषाद राज जयंती बड़ी धूमधाम से मनाने की अपील की। सभी को जिम्मेदारियां दीं।

उन्होंने कहा कि रामपुर जिले की सभी तहसीलों में अलग-अलग तारीखों में जयंती मनाई जाएगी। 5 अप्रैल को रामपुर में जयंती मनाई जाएगी। तुरैहा समाज सहित सभी को एक होकर संघर्ष करना होगा। इस मौके पर रामगोपाल, मुरारी लाल, जबर सिंह, दिनेश कुमार, विनोद कुमार, अजय कुमार, नंदकिशोर, सरन लाल, दीपक कुमार आदि रहे।

# हजरत सैय्यद रौनक मियां का सालाना उर्स संपन्न

**संवाददाता बिलासपुर, अमृत विचार:** गांव मंसूरपूर स्थित हजरत सैय्यद रौनक मियां का 15वें सालाना उर्स का आयोजन मनाया गया। जिसमें जायरीनों ने शिरकत कर दरगाह पर चादरपोशी की और दुआएं मांगी। रविवार को दरगाह कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। कुलशरीफ के दौरान उलेमाओं ने नातख्वानी और तकरीर की। मौलाना मुफ्ती जफर बजमी ने हजरत की जीवनी पर रोशनी डाली। मुफ्ती अफसार खां मिसबाही और शायर बरकाती ने अपनी कलाम से हजरत की शान में नजराने पेश किए। कार्यक्रम के अंत में सज्जादानशीन फरहत मियां जाफरी ने मुल्क में अमन-चैन, खुशहाली और आपसी भाईचारे के लिए दुआ करवाई। इस मौके पर सैयद राशिद मियां, सैयद आबाद मियां आदि मौजूद रहे।

# बिलासपुर के पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रमोद जौहरी का निधन

**बिलासपुर, अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद कुमार जौहरी का रविवार को लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। साथ ही उनके आवास पर शोक-संवेदनाएं व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा।



प्रमोद जौहरी।

मोहल्ला कायस्थान निवासी पूर्व पालिकाध्यक्ष को राजनीति विरासत में मिली थी। उनके पिता मुंशीलाल जौहरी विधानसभा से विधायक और ब्लाक प्रमुख रह चुके थे। प्रमोद जौहरी तीन बार पालिका के चेयरमैन रह चुके थे। उनकी पत्नी रजनी जौहरी भी एक बार नगर पालिका की चेयरमैन निर्वाचित हुई थीं। पूर्व पालिकाध्यक्ष के निधन पर विभिन्न राजनैतिक दलों के नेताओं और गणमान्य नागरिकों ने गहरा दुख व्यक्त प्रकट किया। उनके आवास पर अंतिम दर्शन के लिए समर्थकों और शुभचिंतकों का तांता लगा रहा। उनके पुत्र अभिषेक जौहरी ने बताया कि सोमवार को उनका मोहल्ला कायस्थान स्थित श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया जाएगा। वहीं कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल और ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, समाजसेवी सुजात खां, रवि यादव समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने शोक व्यक्त किया।

## न्यूज डायरी

### ज्वाला क्रिकेट क्लब व परवेज इलेवन ने जीते मैच



**रामपुर, अमृत विचार :** ज्वालानगर स्थित रजा टेक्सटाइल के मैदान पर आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को दो मुकाबले हुए। जिसमें ज्वाला क्रिकेट क्लब व परवेज इलेवन ने मैच जीते। पहला मुकाबला ज्वाला क्लब व केके क्लब के बीच खेला। जिसमें केके क्लब टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 120 रनों पर ऑलआउट हो गई। जिसमें लक्ष्य का पीछा करते हुए ज्वाला क्लब में एक विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। मुख्यातिथि डॉ. विशाल सक्सेना रहे। वहीं दूसरा मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए परवेज इलेवन की ने 201 रन बनाएं। लक्ष्य का पीछा करते हुए लोकल वॉरियर्स की पूरी टीम 112 रन ऑल आउट हो गई। परवेज इलेवन ने 89 रनों से जीत लिया। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष कुलदीप सक्सेना, अनु सक्सेना, त्रिभुवन पंडित, संजय, अजय आदि मौजूद रहे।



### एमआरएस एकेडमी में धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

**दढ़ियाल, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला भरतपुर में स्थित एमआरएस मॉडर्न पब्लिक एकेडमी में रविवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नात-ए-पाक के साथ हुआ, जिससे पूरे माहौल में आध्यात्मिकता और शालीनता का वातावरण बना। मुख्य अतिथि नगर पंचायत चेयरमैन खुर्शीद अहमद ने कहा कि स्कूल शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सराहनीय कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान अक्सा ग्रुप द्वारा प्रस्तुत नाटक 'दहेज एक लानत' विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। संचालन मोहम्मद फहीम ने किया। समापन पर विद्यालय प्रबंधन ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान लियाकत नेता, अनस फारुकी, मोहम्मद नाजिम, अशोक कुमार शर्मा, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।



### नेत्र शिविर में 110 रोगियों का परीक्षण, दी दवाएं

**बिलासपुर, अमृत विचार :** कस्बे के भगवान महावीर नेत्र चिकित्सालय में प्रसिद्ध हकीम कस्तूरचंद जैन की स्मृति में रविवार को नि :शुल्क नेत्र शिविर में 110 मरीजों की आँखों जांच की गई। जिसमें 31 मरीजों को मोतियाबिंद के आपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। इस मौके पर अस्पताल के निदेशक संदेश कुमार जैन ने बताया कि हकीम कस्तूरचंद जैन कि अंतिम इच्छा अनुसार उनके मरणोपरांत उनका नेत्रदान कराया गया, जिससे दो दृष्टिहीन व्यक्तियों के जीवन में नया उजाला आया है। शिविर में रमेश कुमार जैन, स्पर्श जैन, राजकुमार, मुहम्मद दानिश, राहुल, ममता, रमन, नजाकत, सन्नी, अफजल, इमरान और दर्शन समेत पूरी टीम का विशेष सहयोग रहा।

### कव्वालों ने सूफी कलामों से बांधा समां

**बिलासपुर, अमृत विचार :** हजरत बदरुद्दीन बाबा की दरगाह पर बाहर से आई कव्वालों की टीम ने सूफी कलामों से समां बांध दिया। अकीदतमंदों ने रात भर कव्वाली का लुत्फ उठाया तथा चादरपोशी का सिलसिला भी चलता रहा। नगर के मोहल्ला साहूकारा स्थित दरगाह पर शुरू हुए तीन दिवसीय सालाना उर्स के तीसरे दिन कव्वाली का प्रोग्राम आयोजित हुआ। कव्वालों की टीम ने बेदम शाह वारसी के दीवान से दर्जनों सूफी कलाम पेश किए। वहीं, बाबा की दरगाह पर चादरपोशी व दुआ करने वालों का तांता लगा रहा। कमेटी मेंबर्स और दरगाह पर आने वाले मेहमानों की सज्जादानशीं शफी अहमद ने दस्तारबंदी की। दरगाह पर लंगर तक्सीम किया जाएगा। इंतजाम में नाजिम खां, उस्मान खां, मोहम्मद इमरान, गुलाम अहमद, रिजवान अहमद, रोहित खां, परवेज खां, मुन्ने खां, बच्छन खां, जावेद रजा आदि शामिल रहे।

# एआईएमआईएम मजबूती के साथ लड़ेगी चुनाव

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष रविवार को पहुंचे रामपुर

**अमृत विचार:** रविवार को रामपुर पहुंचे ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली का कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने रामपुर में कहा कि उनकी पार्टी रामपुर में मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी और जीत हासिल करने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरेगी। बोले कि पार्टी पूरे उत्तर प्रदेश में करीब 200 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है।

प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली ने बिलासपुर गेट स्थित एआईएमआईएम यूथ जिला कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अगुवाई यूथ जिला अध्यक्ष जनाब सलमान शाह ने की। कार्यकर्ताओं ने गाड़ियों के काफिले के साथ रैली निकाली। शौकत अली को जीरो प्वाइंट से भव्य स्वागत के साथ जुलूस के रूप में जिला कार्यालय तक लाया गया। संबोधन में शौकत अली कहा कि पार्टी रामपुर सहित पूरे उत्तर प्रदेश में करीब 200 सीटों पर मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा पार्टी कार्यकर्ता अब किसी दूसरे दल का सहारा नहीं लेंगे, बल्कि अपने झंडे और अपने मिशन को मजबूत करेंगे। शौकत अली ने 2027 विधानसभा चुनाव और आगामी जिला पंचायत चुनाव को मिशन बताते हुए कहा कि अभी से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना होगा। घर-घर तक पार्टी की सोच पहुंचानी होगी और हर कार्यकर्ता को जिम्मेदारी के साथ काम करना होगा।

इस दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष महताब चौहान, यूथ प्रदेश अध्यक्ष एतिशाम मंसूरी साहब, इंजीनियर मारूफ हुसैन चमरौआ विधानसभा अध्यक्ष, यूथ जिला महासचिव सैयद सरफराज मियां, यूथ रामपुर नगर अध्यक्ष मो. आजम उर्फ सोनू कांटे वाला, वरिष्ठ कार्यकर्ता आशिक रजा, आसिफ रजा मसूदी जिला महासचिव, जिला कोषाध्यक्ष अरमान मलिक, जिला मुख्य यूथ महासचिव उमैर मियां, जिला यूथ महासचिव अमन, जिला यूथ महासचिव जुनैद खान, अर्श खान, साइम मोहम्मद, जुनैद, ओवैस सहित बड़ी संख्या में पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता, बुजुर्ग और नौजवान साथी मौजूद रहे।




एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली का स्वागत करते पदाधिकारी।

# हिंदू सम्मेलनों में दिया सनातन संस्कृति से जुड़ने का संदेश

**संभल, अमृत विचार:** रविवार को दुर्गा कॉलोनी माधव पार्क और थाना हयातनगर कस्बा बस्ती में हिंदू सम्मेलनों में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। योगगुरु साधनानंद महाराज, स्वामी विवेकानंद सरस्वती महाराज, आरएसएस विभाग कुटुंब प्रबोधन प्रमुख महावीर, महंत शिवम महाराज ने हिंदुत्व पर अपने विचार रखे। रविदेव शास्त्री ने हिंदू समाज को संगठित होने और आगे बढ़ने पर जोर दिया।अरुण कांत ने संघ के 100 वर्ष और पंच परिवर्तन के तहत परिवार प्रबोधन, पर्यावरण तथा नागरिक कर्तव्यों पर प्रेरणादायक विचार साझा किए। सहजिला बौद्धिक प्रमुख विजय मार्तंड ने बताया कि कार्यक्रमों का उद्देश्य हिंदू समाज को एकजुट करना, सनातन संस्कृति से अवगत कराना और एक सभ्य, जागरूक, राष्ट्रप्रेमी समाज का निर्माण करना है।

न्यूज ब्रीफ

## बालिका के साथ किया दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला, अमृत विचार :** शहर के एक मोहल्ला निवासी आठ वर्षीय बालिका 3 फरवरी को दुकान पर सामान खरीदने गई थी। युवक उसे स्कूल में खींचकर ले गया तथा वहां बने शौचालय में दुष्कर्म किया। बालिका के चीखने की आवाज सुनकर लोग दौड़े तथा शौचालय का दरवाजा खुलवाया। आरोपी मौके से फरार हो गया। बालिका की मां ने तहरीर दी। आरोप है कि पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लेते हुए बालिका की मां को ही थाने में बैठा लिया तथा समझौते का दबाव बनाने लगी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि एसपी के आदेश पर अंबेडकर नगर मोहल्ला निवासी अमन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है।

## छात्रा के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**अमरोहा,अमृत विचार :** 31 जनवरी की रात को डिडौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी तीन युवक छात्रा के घर पर पहुंच गए। छात्रा की मां छत पर बनी रसोई में खाना बना रही थी। आरोपी घर में घुस आए। छात्रा की कनपटी पर तमंचा रखकर उशोर न मचाने की धमकी दे पकड़कर गांव के बाहर तालाब किनारे ले गए। इसके बाद आरोपी अभिषेक ने छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। रविवार को रजबपुर पुलिस ने अभिषेक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी कोमल तोमर ने बताया कि अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## शादी के घर में लाखों के जेवर चोरी

**बिजनौर अमृत विचार :** चांदपुर क्षेत्र के थाना शिवाला कला अंतर्गत फीना गांव निवासी अरविंद कुमार गांव की खाद सोसायटी में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं। उन्होंने अपने बेटे सौरभ चौहान की शादी के लिए वर्षों की मेहनत से जेवरात और अन्य सामान जुटाया था। सौरभ फरीदाबाद में निजी कंपनी में कार्यरत है और शादी की वजह से घर आया हुआ है। चोरों ने दीवार फांदते हुए छत के रास्ते घर में प्रवेश किया। कमरे में रखे संदूक और अटैची के ताले तोड़कर सोने की चेन, कुंडल, नाक का फूल, लगभग आधा किलो चांदी तथा कई कीमती साड़ियां चोरी कर लीं।

# कांवड़ यात्रा : दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर आज से रूट डायवर्जन

### हाईवे पर भारी वाहनों का प्रवेश होगा बंद, 12 से वाहनों का संचालन वन वे किया जाएगा, पुलिस प्रशासन चाकचौबंद व्यवस्थाएं कराने में जुटा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस-प्रशासन ने यातायात व्यवस्था को रूट प्लान तैयार कर लिया है। सोमवार से जिले में दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर भारी वाहनों का रूट डायवर्जन किया जाएगा। जबकि 12 फरवरी से हाईवे पर वाहनों का संचालन वन वे कराया जाएगा।

आज से ट्रक, डंपर, कंटेनर, कैंटर, बस व अन्य व्यावसायिक वाहनों को दूसरे रूट से भेजा जाएगा। जबकि 12 फरवरी की दोपहर से हाईवे को वन-वे कर दिया जाएगा। केवल जीप, कार, पिकअप, छोटा हाथी व अन्य इमरजेंसी वाहन मुरादाबाद से दिल्ली लेन पर चलेंगे। यह व्यवस्था महाशिवरात्रि वाले दिन शाम छह बजे तक लागू रहेगी।

टीएसआई अनुज मलिक ने बताया कि चूंकि बरेली, संभल, मुरादाबाद, रामपुर समेत कई जनपदों के शिव भक्त हरिद्वार से कांवड़ लेकर अमरोहा जिले से गुजरते हैं। ऐसे में कांवड़ियों की भीड़ को देखते हुए हाईवे पर रूट डायवर्जन प्लान लागू करने की योजना बनाई है।

- **बरेली से दिल्ली के लिए भारी वाहन आवंला, शाहबाद, बिलारी, चन्दौसी,नरौरा, बुलंदशहर होते हुए जाएंगे**



डायवर्जन को लेकर बैरिकेडिंग करते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

### इस तरह रहेगा हाईवे पर रूट डायवर्जन

- बरेली से दिल्ली की ओर जाने वाले समस्त भारी वाहनों को आवंला से शाहबाद, बिलारी, चन्दौसी, बबराला से डिबाई/नरौरा, बुलंदशहर होते हुए दिल्ली की ओर भेजा जाएगा।
- रामपुर से दिल्ली की ओर जाने वाले समस्त भारी वाहनों को रामपुर के शाहबाद से डायवर्ट कर बिलारी, चंदौसी, बबराला, नरौरा होते हुए दिल्ली की ओर भेजा जाएगा।
- मुरादाबाद से दिल्ली की ओर जाने जाने वाले समस्त भारी वाहनों को मुरादाबाद से वाया सम्भल, बबराला, नरौरा, डिबाई, बुलंदशहर, सिकंदराबाद होते हुए गाजियाबाद, दिल्ली की ओर भेजा जाएगा।
- मुरादाबाद से मेरठ की ओर जाने वाले समस्त भारी वाहनों को टीएमयू के बगल से अगवानपुर बाईपास, छजलैट, नूरपुर, बिजनौर, बैराज, मीरापुर, मवाना होते हुए भेजा जाएगा।
- सम्भल से दिल्ली की ओर जाने वाले समस्त भारी वाहनों को बहजोई, बरबाला, नरौरा, डिबाई, बुलंदशहर होते हुए दिल्ली भेजा जाएगा। कोई भी मालवाहक वाहन गवां की तरफ से हसनपुर नहीं आने दिया जाएगा।
- शिवाला कलां से नौगांवा सादात से अमरोहा की ओर आने वाले समस्त भारी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे, यह ट्रैफिक फीना तिराहे से नूरपुर होकर अपने गंतव्य को जाएगा।
- चांदपुर बिजनौर से गजरौला होते हुए दिल्ली जाने वाले समस्त भारी वाहनों को जनपद बिजनौर से जलीलपुर से डायवर्ट कर गंगा पुल से होते हुए हस्तिनापुर, मवाना, मेरठ, गाजियाबाद होते हुए दिल्ली भेजा जाएगा।
- अमरोहा से दिल्ली की ओर जाने वाले समस्त भारी वाहनों को अमरोहा से अमरोहा बाइपास होते हुए अतरासी से हसनपुर, रहरा, गवां अनूपशहर से बुलंदशहर होते हुए दिल्ली की ओर भेजा जाएगा।
- गजरौला चौपला से दिल्ली की ओर जाने वाले समस्त भारी वाहनों को गजरौला, हसनपुर, रहरा, गवां अनूपशहर से बुलंदशहर होते हुए दिल्ली की ओर भेजा जाएगा।
- धनौरा से दिल्ली की ओर जाने वाले समस्त भारी वाहनों को पत्थर कुटी से डींगरा से फीना से चांदपुर, बिजनौर, मवाना, मेरठ होकर दिल्ली भेजा जाएगा।
- हसनपुर से दिल्ली की ओर जाने वाले समस्त भारी वाहनों को रहरा गवां से अनुपशहर, बुलंदशहर होते हुए दिल्ली भेजा जाएगा।
- दिल्ली–गाजियाबाद से बरेली/लखनऊ की ओर वाले समस्त भारी वाहनों को लालकुआं की ओर मोडकर दादरी, बुलंदशहर, डिबाई, नरौरा, गुन्नौर, सहसवान, बदायूं होते हुए बरेली/लखनऊ की ओर भेजा जाएगा।
- मेरठ से बरेली की ओर जाने वाले समस्त भारी वाहनों को बिजनौर, धामपुर, स्यौहारा, कांत, मुरादाबाद होते हुए बरेली की ओर भेजा जाएगा।
- हापुड व मेरठ से गढ़ के मध्य से रामपुर की ओर जाने वाले भारी वाहनों गढ़ चौपला जनपद हापुड से डायवर्ट कर बुलंदशहर, डिबाई, नरौरा, बबराला, बहजोई, चंदौसी, बिलारी, शाहबाद होते हुए रामपुर की और भेजा जाएगा।

# 'घूसखोर पंडत' से ब्राह्मण समाज में रोष

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** ब्राह्मण सभा ने वेब सीरीज के शीर्षक घूसखोर पंडत के निर्माता, निर्देशक एवं अभिनेता सहित पूरी टीम के विरुद्ध समाज में वैमनस्यता फैलाने और भावनाओं को ठेस पहुंचाने का मुकदमा दर्ज कराने के लिए कोतवाल को ज्ञापन सौंपी। जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की।

रविवार को ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष पं. पवन कौशिक एवं महामंत्री पं. मनु शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल नगर कोतवाली पहुंचा और कोतवाल पंकज तोमर को तहरीर सौंपी। पं. मनु शर्मा ने कहा कि वेब सीरीज घूसखोर पंडत शीर्षक ब्राह्मण समाज के लिए बहुत अपमानजनक एवं दुर्भाग्यपूर्ण है और बेहद आहत करने वाला है। इस तरह से कुछ स्वार्थी, कुटिल और धूर्त प्रसारक, निर्माता, निर्देशक या अभिनेता और अन्य समाजद्रोही लोग अस्वीकार्य टाइटल देकर अपमानजनक काम कर रहे हैं।


प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर को ज्ञापन सौंपते ब्राह्मण समाज के लोग। ● अमृत विचार

- **निर्माता, निर्देशक, अभिनेता पर एफआईआर के लिए दिया ज्ञापन**

निर्माता नीरज पांडे, निर्देशक रितेश शाह और अभिनेता मनोज बाजपेई आदि ने सस्ती लोकप्रियता पाने और ब्राह्मणों को नीचा दिखाने के उद्देश्य से घूसखोर पंडत शीर्षक दिया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए निर्माता,निर्देशक,अभिनेता आदि के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। योगेंद्र शर्मा, विकास व्यास, राम प्रकाश शर्मा, विपुल शर्मा, वामदेव नौटियाल, शिवम शर्मा, सुभाष शर्मा, स्वीकृत शर्मा, राजन शर्मा, शैलेंद्र शर्मा, प्रतुल शर्मा, हिमांशु पाराशर, वरुण त्रिवेदी, शशांक त्रिवेदी, गौरव दीक्षित, पवन शर्मा, राकेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## बंद मकान से आभूषण सहित हजारों की चोरी

**हसनपुर, अमृत विचार:** नगर की मंडी समिति के सामने स्थित अंकुर त्यागी का मकान है जिसमें ग्राम विकास अधिकारी विपिन कुमार किराए पर रहते हैं। तीन फरवरी को कमरा बंद कर विपिन कुमार अपने बच्चों के साथ नोएडा रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने के लिए चले गए थे। 6 फरवरी को किसी समय चोरों के द्वारा घटना को अंजाम दिया गया। विपिन कुमार 7 फरवरी को घर पहुंचे तो उन्होंने घर में सामान बिखरा हुआ देखा जिससे उन्हें चोरी की जानकारी हुई। विपिन कुमार ने मकान मालिक को चोरी से अवगत कराया। बाद में पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरे को देखा गया तो उसमें एक युवक जाता हुआ दिखाई दिया। विपिन का कहना है कि पांच हजार रुपए की नगदी, एक सोने की अंगूठी आदि सामान चोरी कर लिया है। कस्बा इंचार्ज राम प्रकाश ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

# मजदूरी के रुपये नहीं मिले, तो हरियाणा से ले आए दो ट्रैक्टर

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** क्षेत्र के कई गांवों से मजदूरी करने गए मजदूरों की मजदूरी न मिलने पर मजदूर ठेकेदार के दो ट्रैक्टरों को अपने गांव ले आए। बाद में ठेकेदार के हस्तक्षेप से हरियाणा पुलिस के साथ स्थानीय पुलिस पहुंची और दोनों ट्रैक्टरों को बरामद कर लिया।

तहसील क्षेत्र के कई गांवों के लगभग दो दर्जन मजदूर छह माह पूर्व हरियाणा में मजदूरी करने के लिए गए थे। आरोप है कि ठेकेदार के द्वारा मजदूरों की मजदूरी नहीं दी गई तो मजदूर तीन दिन पूर्व ठेकेदार के दो ट्रैक्टर अपने गांव ले आए। रविवार की सुबह ठेकेदार हरियाणा पुलिस को साथ लेकर कोतवाली पहुंचा। इसके बाद स्थानीय पुलिस के साथ मजदूरों के गांव में दबिश दी वहां से दोनों ट्रैक्टर ट्रालियों को बरामद कर लिया। बाद में मजदूर भी भारी संख्या में कोतवाली पहुंच गए और हंगामा शुरू हो गया। मजदूरों की इसी दौरान ठेकेदार व पुलिस से भी नोक-झोंक हुई। मजदूरों का कहना है कि ठेकेदार पर मजदूरी के लगभग 13 लख रुपए बकाया है जो वह नहीं दे रहा था। इसीलिए मजदूर ठेकेदार के दोनों ट्रैक्टरों को अपने घर ले आए। हंगामा बढ़ता देख वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज कुमार मौके पर पहुंचे और उन्होंने दोनों पक्षों को समझाया लेकिन कोई भी पक्ष मानने को तैयार नहीं हुआ बाद में पुलिस के द्वारा दोनों ट्रैक्टरों को कब्जे में लेकर कोतवाली में खड़ा कर दिया। इसके बाद ठेकेदार और मजदूर चले गए।


मजदूरों की पुलिस से होती नोकझोंक। ● अमृत विचार

- **हरियाणा पुलिस पहुंची, कोतवाली में मजदूरों ने किया हंगामा**

न्यूज डायरी

## हिंदू सम्मेलन में एकता और समरसता पर दिया जोर



**हसनपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गौरवशाली 100 वर्ष पूर्ण होने पर देशभर में 80 हजार से अधिक हिंदू सम्मेलनों का आयोजन हो रहा है। उसी कड़ी में सम्मेलन का भव्य आयोजन रविवार को नगर के एचएचएस पब्लिक स्कूल में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ऋषिकेश से आए महंत लोकेश दास महाराज ने हिंदू एकता और सनातन धर्म का पालन करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक हिंदू को जाति पार्टी का भेदभाव छोड़ एक साथ खड़े होना है। मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक शरद कुमार ने संघ के पांच परिवर्तन कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण, स्वदेशी एवं नागरिक कर्तव्य पर विस्तार से सभी को बताया। विशिष्ट अतिथि भारतीय किसान संघ के प्रांत संगठन मंत्री सुनील कुमार ने एकता, समरसता और सेवा को जरूरी बताया। संचालन अक्षि अग्रवाल ने किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। विद्यालय के अध्यक्ष पुनीत अग्रवाल, प्रबंधक राजीव अग्रवाल, अभिरव अग्रवाल, अमित अग्रवाल, अंकित गुप्ता,नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी, नगर कार्यवाह सोनू अग्रवाल, नगर संघ चालक दीपक अग्रवाल, अखिलेश अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, पूर्व सभासद विजय शर्मा, पौरुष अग्रवाल, नगर बौद्धिक प्रमुख रजनीकांत आर्य, नगर शारीरिक प्रमुख अर्पित गौतम, मधुर अग्रवाल आदि लोग उपस्थित रहे।



## डॉ. अहमद मुर्तजा बने कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री

**सैदनगली, अमृत विचार :** कांग्रेस आलाकमान ने संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉ. अहमद मुर्तजा को चिकित्सा प्रकोष्ठ में प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया है। शनिवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओंकार सिंह कटारिया के नेतृत्व में तमाम कांग्रेस कार्यकर्ता डॉ. अहमद मुर्तजा के चिकित्सालय पहुंचे और फूल–मालाएं पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ओंकार कटारिया ने कहा कि डॉ. मुर्तजा एक वरिष्ठ और निष्ठावान नेता हैं। उनके अनुभव का लाभ निश्चित रूप से प्रदेश में कांग्रेस के चिकित्सा प्रकोष्ठ को मिलेगा। डॉ. मुर्तजा ने आलाकमान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह अपनी जिम्मेदारी का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ओंकार सिंह कटारिया व राजपाल सैनी प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ और हरिओम पुष्कर, दीपक गौतम, मसकूर अंसारी, मनोज कटारिया, इंतजार नकवी,बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।



## बंदरों के उत्पात से लोग परेशान छीन लेते हैं सामान

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर में बंदरों के उत्पात से लोग परेशान हैं। छतों पर कपडे.सुखाना, फल–सब्जी बेचना , सामान खरीदकर ले जाना दूभर हो रहा है। बंदर जब चाहें रास्ता रोक सामान छीन लेते हैं। कई बंदर तो देखते ही हमला करने से भी नहीं चूकते हैं। नगर में बन्दरों के आतंक से लोग इतने परेशान हैं कि फल विक्रेताओं को नगर की गलियों में घूमकर फल बेचते समय पूरी रखवाली करनी पड़ती है। नजर हटते ही बंदर छलांग लगाकर फल उठाकर ले जाते हैं। पॉलीथिन व थैलों में फल लेकर गुजरना लोगों के लिए आसान नहीं है। छतों पर कपडे. सुखाते समय रखवाली करनी पड़ती है। छतों व आंगन में खाना बनाना व भोजन ग्रहण करना मुश्किल है। नगर के अंबेडकर पार्क,कोतवाली,राजपूत कॉलोनी, मोहल्ला कायस्थान,महल, होली चौक सहित कई मोहल्लों में बंदर झुंड बनाकर रहते हैं। नगर की सामाजिक एवं व्यापारी संस्थाओं द्वारा पूर्व में कई बार बंदरों को पकड़वाने की मांग की गई थी।

## भाकियू संयुक्त मोर्चा ने रासायनिक फैक्ट्रियों का पुतला फूंका



**गजरौला,अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों का प्रदूषण के खिलाफ रविवार को भी धरना प्रदर्शन जारी रहा। किसानों ने रासायनिक फैक्ट्रियों का पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया। किसानों ने कहा कि नाईपुरा सहित आसपास के गांवों में फैक्ट्रियों के जहरीले अपशिष्ट ने भूजल, बगद नदी, तालाबों और जलस्रोतों को दूषित कर दिया है। हैंडपंप और ट्यूबवेल से पीला, बदबूदार और केमिकल युक्त पानी निकल रहा है। लोग बीमार हो रहे हैं। फसलें बर्बाद हो रही हैं। अल्पसंख्यक मोर्चा प्रभारी एवं मंडलाध्यक्ष एहसान अली, ज़ाकिर एवं शकील अहमद, चंद्रपाल सिंह, सोमपाल सिंह, सुरेश सिंह, ओम प्रकाश सिंह, होमपाल सिंह, सुरेन्द्र सिंह, प्रदीप कुमार, रोशन लाल, इस्लाम, समरपाल सिंह, रामशरण, मनोहर लाल, रघुवीर सिंह, मनदीप सिंह, सुधीर प्रधान जी, हेमंत कुमार, मंसूर अली आसिफ हुसैन, जुबेर चौधरी, जुल्फिकार चौधरी अशरफ चौधरी व अन्य मौजूद रहे।

# गोकशी में अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** महाशिरात्रि से पहले गोकशी की घटना होने से तनाव फैल गया। बजरंग दल ने जमकर हंगामा किया था। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल के बाद अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गोकशी की यह घटना शनिवार की देर रात अमरोहा-धनौरा रोड स्थित एक कॉलेज के पास सड़क किनारे हुई। यहां लोगों ने अवशेष पड़े देखे। महाशिवरात्रि से पहले हुई इस घटना से क्षेत्र में तनाव फैल गया। बजरंग दल के जिला मंत्री विपिन शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। इस दौरान सीओ अवधभान भदौरिया और प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार फोर्स के साथ मौके पर आ गए। बजरंग दल नेताओं का कहना है किअमरोहा शहर से लेकर नौगांवा सादात थाना क्षेत्र में गोतस्करों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने कार्यवाही की मांग को लेकर जमकर प्रदर्शन किया। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि गोकशी के मामले में अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## बैंक मैनेजर समेत तीन पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट

**सैदनगली, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की देहरा मिलक शाखा के प्रबंधक और दो कर्मचारियों के खिलाफ धोखाधड़ी और पद के दुरुपयोग के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव तुकलाबाद निवासी अधिवक्ता ममता ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह अपनी बीमार मां के खाते से उपचार के लिए पैसे निकालने गई थीं। वहां उन्हें पता चला कि बैंक कर्मियों ने मिलीभगत कर उनकी माता के खाते से बिना बताए 70 हजार रुपये निकाल लिए और खाता बंद कर दिया।विरोध करने पर शाखा प्रबंधक शुभम कुमार भारद्वाज, क्रेडिट ऑफिसर मिन्टू और कार्यालय सहायक रेवन्त रमनिक पर अभद्रता व गाली-गलौज की। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर सैदनगली थाना पुलिस ने बीएनएसएस की सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# किसानों ने खुद शुरू की छुट्टा पशु पकड़ने की मुहिम


पशुओं को पकड़कर वाहन में लादते लोग। ● अमृत विचार

**हसनपुर, अमृत विचार:** क्षेत्र के करीब एक दर्जन गांवों के किसानों ने छुट्टा पशुओं से त्रस्त होकर अब खुद ही मोर्चा संभाल लिया है। रविवार को रामपुर भूड़, आगापुर, नसीरपुर, डगरपुरी और उधनपुर सहित कई गांवों के ग्रामीणों ने एकजुट होकर दर्जनों छुट्टा पशुओं को पकड़ा और निजी संसाधनों के माध्यम से उन्हें गुरेठा गौशाला पहुंचाया।

मौके पर मौजूद ग्रामीणों और किसान नेताओं ने बताया कि छुट्टा पशुओं के कारण खेतों में फसल बचाना असंभव हो गया है। भारतीय किसान संघ से ब्लॉक अध्यक्ष भारतीय किसान संघ ओमवीर सिंह ने कहा कि शासन-प्रशासन को कई बार ज्ञापन देकर समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई न होने पर किसानों को स्वयं यह कदम उठाना पड़ा। वहीं, बबलू गुर्जर और धर्मेंद्र चौहान ने कहा कि किसान अपने निजी खर्च पर वाहनों का इंतजाम कर पशुओं को गौशाला छोड़ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रशासन सहयोग नहीं करता, तो किसानों को इसी तरह एकजुट होकर अपनी फसलों की रक्षा करनी होगी। अभियान के दौरान भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# दीपक गोयल ने गोशालाओं का किया निरीक्षण

**मंडी धनौरा, अमृत विचार:** सदस्य उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग दीपक गोयल ने कान्हा गौशाला गजरौला एवं बछरायूं, अस्थायी गौ आश्रय स्थल चूचौला कला एवं डिंगरा का अवलोकन किया।

पशुओं की सेहत को संतोषजनक पाते हुए अधिकारियों व कर्मचारियों की सराहना की। गौशालाओं में रख-रखाव, सफाई व्यवस्था, पीने के पानी, भूसे, चारे एवं पशु आहार की उपलब्धता का जायजा लिया। निर्देश दिए कि गौ वंश को निर्धारित मानकों के अनुरूप पोषणयुक्त आहार निरंतर उपलब्ध कराया जाए। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आभा दत्त, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपाक्षी, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, मुरादाबाद।**

अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

पत्रांक :–109/ई0 निविदा/2025–26 दिनांक :–31.01.2026

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग, मुरादाबाद द्वारा क्र0सं0–1 से 18 तक कार्यों के लिए ए,बी,सी व डी श्रेणी (मार्ग श्रेणी) में पंजीकृत पात्र निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रसं | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा काल सहित) | निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी व जी0एस0टी सहित (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| वित्तीय वर्ष 2025–26 में अत्यधिक वर्षा होने के कारण जनपद के मार्ग अत्यन्त क्षतिग्रस्त हो गये है, जिसके कारण सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण कार्य की अल्पकालीन निविदा निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है। | | | | | | |
| 1 | मुरादाबाद | शेरपुर एतमादपुर मार्ग से असगरीपुर सम्पर्क मार्ग | 9.27 | 0.93 | 2 माह | 225+500+41 =766 |
| 2 | मुरादाबाद | ग्राम शाहपुर अब्दुलवारी नहर पटरी मार्ग से खण्डसाल सम्पर्क मार्ग | 7.42 | 0.75 | 2 माह | 225+500+41 =766 |
| 3 | मुरादाबाद | ग्राम काजीपुरा खालसा से भरतपुर की मढैया मार्ग | 17.38 | 1.74 | 2 माह | 300+500+54 =854 |
| 4 | मुरादाबाद | चकहमीदपुर सम्पर्क मार्ग | 9.27 | 0.93 | 2 माह | 225+500+41 =766 |
| 5 | मुरादाबाद | फौल्दा पटटी मार्ग से एदलपुर जोगिया सिहाली मार्ग | 20.27 | 2.03 | 2 माह | 300+500+54 =854 |
| 6 | मुरादाबाद | मुरादाबाद टाण्डा दढ़ियाल मार्ग के किमी0 21 से पीपलीलाल सम्पर्क मार्ग | 11.58 | 1.16 | 2 माह | 225+500+41 =766 |
| 7 | मुरादाबाद | एम0टी0डी0 मार्ग के किमी0 22 से पीपलीलाल मार्ग से मिलक अतरौली मार्ग | 6.49 | 0.65 | 2 माह | 225+500+41 =766 |
| 8 | मुरादाबाद | पिलकपुर से गुलड़िया मार्ग | 15.17 | 1.52 | 2 माह | 300+500+54 =854 |
| 9 | मुरादाबाद | गन्ना विभाग के स्वामित्व के लो0नि0वि0 को हस्तान्तरित किये गये ग्राम मिलक अमावती से मिर्जापुर मार्ग | 12.97 | 1.30 | 2 माह | 225+500+41 =766 |
| 10 | मुरादाबाद | एन0एस0टी0 मार्ग के किमी0 39 से ताराबाद नारायनपुर सम्पर्क मार्ग | 20.85 | 2.09 | 2 माह | 300+500+54 =854 |
| 11 | मुरादाबाद | सुल्तानपुर दोस्त बंकावाला मार्ग | 25.31 | 2.54 | 2 माह | 300+500+54 =854 |
| 12 | मुरादाबाद | टिहरी मुरादाबाद के किमी0 366 से असदुल्लापुर वाया सिमालखेड़ा मार्ग | 32.43 | 3.25 | 2 माह | 300+500+54 =854 |
| 13 | मुरादाबाद | मुरादाबाद बाईपास भाग–1 के किमी0 10 से उचैती सम्पर्क मार्ग | 1.85 | 0.19 | 2 माह | 75+500+14 =589 |
| 14 | मुरादाबाद | डिंगरपुर से मुलावान मार्ग | 11.58 | 1.16 | 2 माह | 225+500+41 =766 |
| 15 | मुरादाबाद | ठाकुरद्वारा डिलारी मार्ग के किमी0 11 से अल्लैपुर सम्पर्क मार्ग | 5.09 | 0.51 | 2 माह | 225+500+41 =766 |
| 16 | मुरादाबाद | चक्कर मार्ग | 12.46 | 1.25 | 2 माह | 225+500+41 =766 |
| 17 | मुरादाबाद | महलकपुर से बेलोवाली मिलक मार्ग | 6.77 | 0.68 | 2 माह | 225+500+41 =766 |
| 18 | मुरादाबाद | लोधीपुर से सलेमपुर बांगर मार्ग | 20.85 | 2.09 | 2 माह | 300+500+54 =854 |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.inपर दिनांक 10.02.2026 से 16.02.2026 है जो कि दिनांक 16.02.2026 को समय दोपहर 12.00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 16.02.2026 को समय दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा के नियम/शर्तें और विवरण वेबसाइटhttp://etender-up-nic.पर उपलब्ध हैं। शासनादेश सं–879(1)/23–7–2020 दिनांक 25–08–2020 एंव प्रमुख अभियन्ता (विकास) एंव विभागाध्यक्ष के पत्रांक–4650/ 4एन–एल0सी0/2020 दिनांक 27.08.2020 के अनुरूप निविदादाता को प्रहरी यू0आर0एल0 http://wms.uppwd.gov.in/prahari/ पर लॉग इन कर आवश्यक अभिलेख अपलोड करने होगें।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.inपर उपलब्ध है।

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
मुरादाबाद

(कुलदीप सन्त)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
मुरादाबाद
(महामहिम राज्यपाल की ओर से)

**UP-245500 दिनांक 06.02.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

# चंदौसी में कांशीराम आवासों से 50 परिवार बेदखल

## नगर पालिका और प्रशासन ने तीन घंटे की कार्रवाई , 10-15 साल से कॉलोनी में अवैध रूप से रह रहे थे परिवार

कार्यालय संवाददाता,संभल/चंदौसी

**अमृत विचार :** संभल जनपद के चंदौसी में कांशीराम आवासीय कॉलोनी में 10 से 15 वर्षों से अवैध रूप से रह रहे करीब 50 परिवारों से रविवार को प्रशासन ने आवास खाली करा दिए। नगर पालिका और प्रशासन की संयुक्त टीम ने पुलिस और आरआरएफ जवानों की मौजूदगी में सख्ती के साथ कार्रवाई को अंजाम दिया। जिन परिवारों से आवास खाली कराए गए हैं, उनमें अधिकांश मुस्लिम समुदाय के बताए जा रहे हैं।

बसपा शासनकाल में बनी कांशीराम आवासीय कॉलोनी में कुल 108 मकान बने हैं, लेकिन अब तक इनका विधिवत आवंटन नहीं हो सका था। इसी बीच एक के बाद एक लोगों ने 50 से अधिक मकानों पर अवैध कब्जा कर लिया था। ये लोग वर्षों से यहां रह रहे थे। कॉलोनी में अवैध और आपत्तिजनक गतिविधियों की शिकायतें लगातार पुलिस और प्रशासन को मिल रही

**• अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस के साथ आरआरएफ भी तैनात रही**

थीं। इसके बाद जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया के निर्देश पर आवास खाली कराने की कार्रवाई की गई। रविवार दोपहर करीब दो बजे नगर पालिका चंदौसी के अधिशासी अधिकारी राम धर्मराज सिंह एवं नायब तहसीलदार भारी पुलिस बल के साथ लक्ष्मणगंज स्थित कांशीराम आवासीय कॉलोनी पहुंचे। किसी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए आरआरएफ को भी तैनात किया गया। करीब तीन घंटे चली कार्रवाई में लगभग 50 मकानों को पूरी तरह खाली कराकर नगर पालिका ने अपने ताले लगा दिए।

कार्रवाई के दौरान प्रशासन को काफी विरोध का सामना करना पड़ा। जैसे ही मकान खाली कराने की प्रक्रिया शुरू हुई, पुरुष मौके से गायब हो गए, जबकि महिलाएं रोती-बिलखती नजर आईं। कई महिलाओं ने मकान खाली करने के लिए दो-तीन दिन का समय मांगा, लेकिन अधिकारियों ने समय देने से इनकार करते हुए कार्रवाई जारी रखी। अधिकारियों का कहना था कि पूर्व में लोगों को मकान खाली करने के लिए समय दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने आवास नहीं छोड़े। अधिशासी अधिकारी राम धर्मराज सिंह ने बताया कि कॉलोनी में बने आवासों को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग अवैध रूप से यहां रह रहे हैं। इसी के मद्देनजर कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि करीब 50 से 60 परिवार यहां रह रहे थे। अवांछित गतिविधियों की शिकायतों को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि आवंटन प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हो सकी है, जैसे ही प्रक्रिया पूरी होगी, पात्र लोगों को नियमानुसार आवास आवंटित किए जाएंगे।


कांशीराम कॉलोनी में आवास खाली कराने के दौरान बने नोकझोंक के हालात।


आवास खाली कराने के बाद बच्चों को लेकर जाती महिलाएं। • अमृत विचार

### महिलाओं का छलका दर्द, अब कहां रहेंगे

चंदौसी, अमृत विचार : आवास खाली कराए गए तो महिलाओं का दर्द भी छलक पड़ा। एक महिला ने बताया कि उसके पति दिव्यांग हैं और एक बेटा व चार बेटियां हैं। अब वह कहां जाए। दूसरी महिला गुड़िया ने बताया कि वह पिछले 16 साल से यहां झोपड़ी डालकर रह रही है, कभी कोई किराया नहीं दिया और अब अचानक खाली कराया जा रहा है। महिलाओं का कहना था कि यदि पहले से नोटिस दिया जाता तो वे स्वयं ही मकान खाली कर देतीं।


आवास खाली कराने के बाद बाहर रखा सामान व बैठे परिवार। • अमृत विचार

### भीख से सीख अभियान से जुड़े बच्चों के परिवार रहेंगे

चंदौसी, अमृत विचार : प्रशासन ने सामाजिक सरोकार के तहत भीख से सीख अभियान को आगे बढ़ाते हुए उम्मीद संस्था के माध्यम से 29 आवासों में 29 निराश्रित परिवारों को अस्थायी रूप से बसाने का फैसला किया है। संस्था की संयोजिका रैना शर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देश पर ऐसे परिवारों को चिन्हित किया गया, जो सड़क किनारे रहकर भीख मांगकर जीवन यापन कर रहे थे और जिनके पास रहने के लिए कोई स्थायी आवास नहीं था। अब इन आवासों में उनका रहना होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### कोतवाली में छात्रों को पुलिस कार्यप्रणाली से कराया परिचित

**चंदौसी, अमृत विचार :** सपीईएल-3 .0 कार्यक्रम के अंतर्गत कोतवाली परिसर में स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बच्चों को बीट आरक्षी के साथ व्यावहारिक अनुभव कराया गया तथा महिला बीट, सीसीटीएनएस प्रणाली और मिशन शक्ति अभियान की जानकारी दी गई। पुलिसकर्मियों ने सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, सोशल मीडिया पर सतर्कता और साइबर अपराध से बचाव के उपाय समझाए। साथ ही साइबर शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। प्रभारी निरीक्षक व वरिष्ठ उपनिरीक्षक सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों के सवालों के जवाब देकर उन्हें कानून व सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

### कार और बाइक की टक्कर में पांच लोग घायल

**मनोटा,अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के जोया संभल मार्ग पर कार और बाइक की टक्कर में पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। थाना क्षेत्र के दबोई खुर्द निवासी अजहरुद्दीन का बेटा यासुद्दीन और उसका दोस्त आजम बाइक पर सवार होकर असमोली जा रहे थे। संभल की ओर से आ रही कार से सामने से बाइक टकरा गई। हादसे में कार में बैठे सायबा पत्नी रियाजुल, बतूलन पत्नी वाहिद, नन्हे पुत्र अली मोहम्मद निवासी मोहम्मदपुर टांडा और बाइक सवार अयासुद्दीन और आजम घायल हो गए। कार सवार लड़की देखने के लिए अमरोहा जा रहे थे।

### फायरिंग मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार

**संभल,अमृत विचार :** बहजोई में ईदगाह कॉलोनी में जिलाधिकारी आवास के निकट दो फरवरी की शाम को दो पक्षों में पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया।दोनों पक्षों में लाठी-डंडों से जमकर मारपीट हुई और चार राउंड फायरिंग भी की गई। पुलिस ने यश चौधरी उर्फ यश जाट निवासी रामतलैया, आयान उर्फ टिन्नी , आमान उर्फ टिल्लू , अरहान कुरैशी निवासी कुरैशियान, समीर, अतीक उर्फ समीर , सरताज , शोएब, असीम मम्मा , रोहित उर्फ रोहिल , नाजिम मम्मा निवासी ईदगाह कॉलोनी तथा दुर्गेश निवासी सिगरोरा भूड़, संभल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया है।

# किसानों का उत्पीड़न नहीं होगा बर्दाश्त


जुनावई में कार्यकर्ताओं के बीच भाकियू पश्चिमी यूपी अध्यक्ष विजेंद्र यादव। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,संभल/बहजोई

**• भाकियू पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र यादव बोले, किया जाएगा आंदोलन**

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन के नवनियुक्त पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र यादव का कई जगहों पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने किसानों के मुद्दों पर आंदोलन का ऐलान करते हुए कहा कि किसानों का उत्पीड़न किसी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

विजेंद्र यादव ने कहा कि किसानों का शोषण किसी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अमेरिका से की गई ट्रैप डील किसानों के हितों के खिलाफ है। इसके विरोध में 2021 की तर्ज पर देशव्यापी आंदोलन चलाया जाएगा। उन्होंने अवैध खनन और बिजली विभाग द्वारा किसानों के शोषण का मुद्दा भी उठाया। कहा कि जहां अवैध खनन खुलेआम हो रहा है, वहीं किसान अपने लिए एक ट्रैक्टर मिट्टी भी नहीं ला पा रहा। इन सभी समस्याओं को लेकर आंदोलन किया जाएगा।

स्वागत कार्यक्रमों में जिला अध्यक्ष मनपाल सिंह यादव, जवर सिंह यादव, उदयवीर सिंह यादव,दिनेश कुमार, रामवीर सिंह, चंद्रप्रकाश यादव, राजपाल, रामवीर, महेश यादव, ओमकार, हरवीर सिंह, अखिलेश सिंह, मुलायम सिंह, राकेश, देवेंद्र, शंकर सिंह आर्य, तरुण, नत्थू, महेश यादव, अंकित ठाकुर, आजाद मालिक, हाजी अजीम सिद्दीकी, सुखराम सिंह, दुर्गपाल कुशवाहा, मुकेश आदि मौजूद रहे।

## बाइक से गिरकर महिला की मौत हत्या की आशंका

**संभल/बहजोई,अमृत विचार:** बेटी की रिश्तेदारी में जा रही महिला बाइक ब्रेकर पर उछलने से सड़क पर गिर गई। सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।

मोहित विहार थाना मंडी, सहारनपुर निवासी रश्मि (40) पत्नी सोनू रविवार दोपहर रिश्तेदार किरनपाल शर्मा निवासी ईसापुर वरोरा, थाना जुनावई के साथ बाइक से बहजोई के गांव पाठकपुर जा रही थी। वह अपनी बेटी कशिश पत्नी मोनू शर्मा, निवासी गांव आशतपुर, जुनावई की ससुराल में सामान देने के लिए आई थीं। टिकटा रोड पर ब्रेकर पर बाइक उछल गई और रश्मि सड़क पर गिर पड़ीं। सिर में गंभीर चोट से उनकी मौत हो गई। रिश्तेदार रचना ने आशंका जताई कि मौत किसी अन्य कारण से हो सकती है । थाना प्रभारी संत कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

# हादसा नहीं, पीट-पीटकर की गई थी पेट्रोलपंप कर्मी की हत्या,दो गिरफ्तार

संवाददाता,बबराला

**• पोस्टमार्टम रिपोर्ट से सामने आया मौत का सच, दो फरवरी की रात हाईवे पर मिला था शव**

**अमृत विचार :** बबराला थाना क्षेत्र में पेट्रोल पंप के सामने नेशनल हाईवे पर युवक का शव मिलने के मामले में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। जांच में सामने आया कि युवक की मौत सड़क हादसे में नहीं, बल्कि बेरहमी से पीट-पीटकर की हत्या की गई थी। हत्या को हादसे का रूप देने के लिए आरोपियों ने शव को हाईवे पर फेंक दिया था। पुलिस ने दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।


मृतक रविंद्र।

हापुड़ जनपद के गढ़मुक्तेश्वर थाना क्षेत्र के मोहल्ला आदर्श नगर निवासी रविंद्र (40) बबराला स्थित एक पेट्रोल पंप पर काम करता था। दो फरवरी की देर रात किसी बात को लेकर रविंद्र का अपने सहकर्मियों राहुल और राजेश से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों आरोपियों ने लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से रविंद्र की बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद आरोपियों ने साक्ष्य मिटाने और घटना को सड़क दुर्घटना दिखाने के उद्देश्य से रविंद्र के शव को पेट्रोल पंप के सामने आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर डाल दिया। इसके बाद खुद ही 108 एंबुलेंस को सूचना दी और शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना प्रथम दृष्टया संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस ने गहन जांच शुरू की। इसी दौरान मृतक के भाई धर्मवीर ने बबराला थाने में तहरीर देकर हत्या की आशंका जताई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने बुलंदशहर जनपद के स्याना थाना क्षेत्र के गांव हाजीपुर निवासी राहुल और औरंगाबाद थाना क्षेत्र के गांव खनौदा निवासी राजेश के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मौत का कारण सड़क हादसा नहीं, बल्कि गंभीर चोटें निकलीं, जिससे हत्या की पुष्टि हो गई। थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी ने बताया कि दोनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

# परिक्रमा में उमड़ा आस्था का सैलाब

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार :** श्री हरि बाबा बांध धाम से आयोजित 21 कोसीय परिक्रमा रथयात्रा के दूसरे दिन भी श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। 'हरि बोल, निताई गौर' के जयघोष के साथ आगे बढ़ रहे श्रद्धालुओं पर मार्ग में जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब गया। दोपहर बाद बांध पहुंच कर परिक्रमा रथयात्रा का समापन हुआ।

रविवार को परिक्रमा रजपुरा से पुनः प्रारंभ होकर चन्दूनगला, तौमी रामपुर मोहकम, सुन्दरपुर, छोटा डुप्टा, कहरौला गर्वी, चाऊपुर डांडा, डुप्टा कलां, सिसौना डांडा और दीपपुर डांडा होते हुए मोलनपुर पहुंची तथा श्री हरि बाबा बांध धाम पर समापन हुआ। रथ पर विराजमान हरि बाबा की प्रतिमा का श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। जगह-जगह सेवा शिविर लगाकर श्रद्धालुओं को गन्ने का रस, नाश्ता पैकेट, फल और जल वितरित किया गया। क्षेत्रीय लोगों का मानना है कि वर्तमान खुशहाली हरि बाबा महाराज की कृपा का ही प्रतिफल है। यात्रा आयोजन समिति के रामहरि शर्मा समेत तमाम लोग व्यवस्था में शामिल रहे।


गुन्नौर में हरिबाबा परिक्रमा रथयात्रा में उमड़े श्रद्धालु। • अमृत विचार

**• 'हरि बोल, निताई गौर' के जयघोष के साथ श्रद्धालुओं पर की गई पुष्प वर्षा**

# संभल-गजरौला रेल लाइन के लिए आंदोलन रहेगा जारी

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल-गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग को लेकर जिला संघर्ष समिति की बैठक तहसील क्षेत्र के गांव गैलुआ में आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि रेल लाइन की मांग को लेकर चरणबद्ध तरीके से आंदोलन को आगे बढ़ाया जाएगा।

चौधरी रविराज चाहल ने कहा कि बजट से क्षेत्रवासियों को निराशा हाथ लगी है, लेकिन इससे हताश होने की जरूरत नहीं है। जागरूकता अभियान के तहत साधु-संतों, ग्राम प्रधानों, जिला पंचायत सदस्यों एवं जागरूक नागरिकों के माध्यम से संभल-गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग प्रधानमंत्री एवं रेल मंत्री तक निरंतर पहुंचाई जाएगी। पाक्षिक रूप से ज्ञापन भेजे जाएंगे, ताकि यह मांग लगातार भारत सरकार के संज्ञान में बनी रहे। संजीव शर्मा ने कहा कि यह मांग पूरी तरह जनहित से जुड़ी है और सरकार को रेल लाइन विस्तारीकरण के लिए बजट अवश्य स्वीकृत करना चाहिए। कामेश चौधरी ने कहा कि सरकार द्वारा संभल के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। बैठक में महावीर सिंह, योगेश कुमार, चंद्रभान जाटव, शीशपाल सिंह, बंसी, वीरेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, मनोज कुमार, रामावतार सिंह, मोहम्मद यामीन आदि लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी



### असमोली में बसंत कालीन गन्ना बुवाई का किया आरंभ

**संभल/असमोली, अमृत विचार :** गन्ना विभाग द्वारा ग्राम अकबरपुर गहरा में शनिवार को बसंत कालीन गन्ना बुवाई का शुभारंभ किया गया। कृषक भुवनेश शर्मा के खेत पर असमोली चीनी मिल के उपाध्यक्ष अभय यादव की उपस्थिति में बुवाई कराई गई। भुवनेश शर्मा ने लगभग दो एकड़ क्षेत्रफल में गन्ना प्रजाति को-0118 की ट्रेंच विधि से बुवाई की। अभय यादव ने कहा कि चीनी मिल की ओर से किसानों को गन्ना बुवाई के लिए प्रोत्साहित करने हेतु कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसके तहत नए गन्ना किसानों को अनुदानित दर पर बीज उपलब्ध कराया जा रहा है, साथ ही कृषि रसायन भी रियायती दरों पर दिए जा रहे हैं। उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक क्षेत्रफल में गन्ना बुवाई करने की अपील की। गन्ना महाप्रबंधक प्रवीण सिंह ने चेताया कि अनुपयुक्त प्रजातियों की बुवाई करने पर अगेती और सामान्य गन्ने की तुलना में कम मूल्य मिलता है। गन्ना प्रबंधक अमित धामा, गन्ना विभाग के कर्मचारी, क्षेत्रीय किसान एवं ग्रामीण मौजूद रहे।



### हिंदू सम्मेलन में एकता, संस्कार का दिया संदेश

**चंदौसी, अमृत विचार :** लक्ष्मीदेवी हरप्रसाद सरस्वती शिशु मंदिर में रविवार को हिंदू सम्मेलन में मुख्य अतिथि बाबा बच्चा बर्फानी महाराज ने जाति-पाति से ऊपर उठकर एकजुट रहने का आह्वान किया। कहा कि सामाजिक विभाजन समाज को कमजोर करता है। अभिभावकों से बच्चों को मोबाइल की लत से दूर रखने और सनातन संस्कृति के अध्ययन पर जोर देने की अपील की। मुख्य वक्ता मीनाक्षी शेरावत ने कहा कि यदि हर हिंदू घर में शिवाजी महाराज जैसे व्यक्तित्व का निर्माण करना है तो हर मां को जीजाबाई जैसे संस्कार देने होंगे। उन्होंने मातृत्व, राष्ट्रप्रेम और चरित्र निर्माण को समाज की आधारशिला बताया। कहा कि नारी की चूड़ियां कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी शक्ति और सम्मान का प्रतीक हैं। अध्यक्षता मधुलिका सिंह ने की तथा विशिष्ट अतिथि पंकज सर्राफ रहे। संचालन दुर्गा टंडन ने किया। जिला सह-बौद्धिक प्रमुख विजय मार्तण्ड ने बताया कि संभल जिले में मंडल व बस्ती स्तर पर लगातार हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं।



### हिंदू पर्सनल लॉ बोर्ड की बैठक में चंदौसी में एम्स की मांग

**चंदौसी,अमृत विचार :** अखिल भारतीय हिंदू पर्सनल लॉ बोर्ड की सनातन धर्म पुस्तकालय में बैठक में चंदौसी में एम्स ( अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) स्थापित किए जाने की मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एम्स की घोषणा की गई। चंदौसी इस परियोजना के लिए सबसे उपयुक्त स्थान है। बोर्ड के जिलाध्यक्ष चौधरी विवेक कुमार ने कहा कि चंदौसी गंगा एक्सप्रेस-वे और प्रमुख रेलवे जंक्शन से जुड़ा होने के कारण चिकित्सा संस्थान के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहां एम्स बनने से बदायूं, बरेली, मुरादाबाद, सम्भल, अलीगढ़, मेरठ और हाथरस सहित आसपास के जिलों के लाखों लोगों को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। वक्ताओं ने राज्यमंत्री गुलाब देवी द्वारा एम्स के लिए चंदौसी का नाम प्रस्तावित किए जाने का स्वागत किया। योगेन्द्र मोहन शास्त्री, विनय अग्रवाल और अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि एम्स की स्थापना से क्षेत्र की चिकित्सा व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी।



### कड़ी मेहनत और अनुशासन से ही मिलती है सफलता : डा.ढिल्लो

**संभल/कैला देवी,अमृत विचार :** कस्बा पवांसा में श्रीमती मनोरमा राघव आदर्श इंटर कॉलेज एवं एसएमआर पब्लिक स्कूल में रविवार को वार्षिकोत्सव काआरंभ शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लो, भाजपा जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह चौधरी एवं जिला पंचायत सदस्य अवधेश प्रताप सिंह राघव ने किया। विभिन्न इंटर कॉलेजों के प्रबंधकों ने वित्तविहीन शिक्षकों और उनके परिवारों को मुफ्त इलाज की घोषणा किए जाने पर आभार व्यक्त किया। हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि कड़ी मेहनत और अनुशासन से ही सफलता मिलती है। मोबाइल और सोशल मीडिया से दूरी बनाकर पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करें। कॉलेज प्रबंधक रामवीर सिंह राघव, रजत विक्रांत सिंह, देवांशु राघव, तरुष प्रताप सिंह, जय विक्रांत, डॉ. नागेंद्र सिंह, डॉ. संतोष यादव, अभय पाल राघव, संजीव यादव, जीतपाल यादव, सुभाष राघव, अमरपाल सिंह, आकाश, संजय राघव, अखलाक हुसैन, सोनू चाहल, हिर्देश यादव आदि मौजूद रहे।

**कौन करे परवाह** | **सरोवर के किनारे कूड़ा डालने के अलावा थापे जा रहे उपले, हो रहे कब्जे**

# लाखों रुपये से विकसित अमृत सरोवर बदहाल

संवाददाता, सौंधन

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के कस्बा सौंधन मोहम्मदपुर में लाखों रुपये की लागत से विकसित किया गया अमृत सरोवर एक बार फिर बदहाली का शिकार हो गया है। गांव के तालाब को सुंदर और उपयोगी बनाने के उद्देश्य से किए गए सरकारी प्रयास अब ग्राम पंचायत की लापरवाही और ग्रामीणों के कब्जों के चलते दम तोड़ते नजर आ रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार तालाब की जमीन पर धीरे-धीरे लोगों ने कब्जा जमा लिया। सरोवर के किनारे कूड़ा डाला जा रहा है, जबकि महिलाएं यहां गोबर डालकर उपले थाप रही हैं। इससे न केवल तालाब का सौंदर्य नष्ट हो रहा है, बल्कि यह गंभीर हादसों को भी न्योता दे रहा है। सबसे चिंताजनक स्थिति तालाब के किनारे लगाए गए ट्रांसफार्मर को लेकर है। यह ट्रांसफार्मर जमीन से महज दो से तीन फीट की ऊंचाई पर रखा गया है और इसके ठीक नीचे महिलाएं रोजाना उपले थापती हैं। ऊपर से हाईटेंशन लाइन भी गुजर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जरा-सी स्पार्किंग या तकनीकी खराबी होने पर करंट सीधे महिलाओं को चपेट में ले सकता है, जिससे जानलेवा हादसा हो सकता है। केवल महिलाएं ही नहीं, बल्कि पशु भी इसी रास्ते से गुजरते हैं। ऐसे में किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति या पशु गलती से ट्रांसफार्मर या हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया तो गंभीर दुर्घटना तय है।

करीब दो साल पहले इसे अमृत सरोवर के रूप में विकसित किया था। योजना के तहत तालाब में पर्याप्त पानी, चारों ओर हरियाली और पाथवे बनाया गया था। कुछ ही समय बाद इस पर कब्जा और अव्यवस्था शुरू हो गई। अब स्थिति यह है कि तालाब पटने जैसी हालत में पहुंच गया है और उसका स्वरूप फिर से बिगड़ चुका है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत ने न तो समय पर निगरानी की और न ही कब्जे हटाने के लिए कोई ठोस कदम उठाया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अमृत सरोवर से अवैध कब्जे हटवाकर इसे फिर से सुंदर बनाया जाए। साथ ही तालाब के किनारे बेहद नीचे लगे ट्रांसफार्मर को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट कराया जाए, ताकि किसी भी तरह की अनहोनी से बचा जा सके। ग्राम प्रधान पति अरविंद यादव का कहना है कि अमृत सरोवर पर लगा ट्रांसफार्मर काफी नीचा है, जिसके नीचे कुछ महिलाओं द्वारा उपले थाप दिए गए हैं। इस संबंध में पहले भी कई बार समझा चुके है। सुरक्षा की दृष्टि से अब ट्रांसफार्मर के नीचे से उपलों को हटवाया जाएगा। साफ-सफाई भी कराई जाएगी।


अमृत सरोवर पर थापे गए उपले व फैली गंदगी। • अमृत विचार

**• दो से तीन फीट की ऊंचाई पर रखे ट्रांसफार्मर से खतरा**

## पुलिसकर्मी बता पिकअप चालक से 25 हजार वसूले

**चंदौसी,अमृत विचार:** एक व्यक्ति द्वारा स्वयं को पुलिसकर्मी बताकर पिकअप चालक से रुपये वसूलने का मामला सामने आया है।

पिकअप चालक के अनुसार वह बदायूं-चन्दौसी मार्ग पर जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही कार से उसकी गाड़ी की लाइट हल्के से टकरा गई। आरोप है कि कार चालक ने खुद को संभल कोतवाली में तैनात पुलिसकर्मी बताकर पिकअप चालक को धमकाया और उसे गौशाला रोड पर ले गया। वहां उसे एक कमरे में बंद कर समझौते के नाम पर रुपये देने का दबाव बनाया गया। भयभीत पिकअप चालक ने अपने परिचितों से 25 हजार रुपये मंगवाए, जिन्हें पेटीएम के माध्यम से आरोपी को भेजा गया। रकम मिलने के बाद ही पिकअप चालक को छोड़ा गया। घटना के संबंध में फिलहाल कोतवाली पुलिस ने अनभिज्ञता जताई है। शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई की बात कही जा रही है।

